रांची, सोमवार, 12 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल पूर्णिमा - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 247 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ महात्मा बुद्ध : दया, करुणा व मानवता के पक्षधर

तमन्ना भाटिया की ओडेला 2 की ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एंट्री ◀◀ 6


# दो युवकों का शव मिलने से सनसनी गला रेतकर हत्या की आशंका

## धुर्वा इलाके में मिले दो युवकों के शव, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

रांची: राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र इलाके में दो युवकों के शव मिले है। दोनों युवकों की गला रेतकर निर्मम तरीके से हत्या की गई है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया है और शवों की शिनाख्त करने में जुट गई है। दरअसल, रविवार रात धुर्वा पुलिस को सूचना दी गई कि धुर्वा के बालसिरिंग पुल के पास दो युवकों के शव देखे गये है। इसके बाद




पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि दो युवकों की निर्मम तरीके से गला रेतकर हत्या की गई है। घटनास्थल की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया ये लग रहा है कि दोनों युवकों की हत्या किसी और जगह की गई है और शव को यहां लाकर फेंका गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि दोनों मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। दोनों लोकल नहीं है यह तो तय है क्योंकि दोनों को कोई पहचान नहीं पाया है। मृतकों के पॉकेट से भी कुछ खास नहीं बरामद हुआ जिससे उनकी पहचान की जा सके। दोनों की तस्वीर रांची के सभी थानों में भेजी गई है। इसके अलावा नजदीक के जिलों में भी तस्वीर भेजी गई है ताकि उनकी पहचान हो सके।

## डीवीसी हाईटेंशन टावर से लटकता मिला युवक का शव

**बोकारो** : जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में तेलमच्चो दामोदर पुल के निकट डीवीसी के हाईटेंशन विद्युत ट्रांसमिशन लाइन से लटकता युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डीवीसी टावर की बिजली को काट कर शव को किसी तरह नीचे उतारा। चास मुफसिल थाना प्रभारी प्रकाश मण्डल ने बताया कि मृतक की पहचान विजय सोरेन के रूप में की गयी है जो धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी के नौडीहा गांव का निवासी था। विजय करीब एक साल से अपने ससुराल जोल्हाडीह में रहकर मजदूरी कर रहा था। प्रथम दृष्या यह मामला आत्महत्या की प्रतीत होता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारत- पाकिस्तान सीजफायर पीएम मोदी की अहम बैठक

## रक्षा मंत्री, एनएसए डोभाल, सीडीएस और तीनों सेना के प्रमुख मौजूद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आवास पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीए अनिल चौहान और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। संघर्ष विराम के भविष्य पर फैसला करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ वार्ता दोपहर में होगी।



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का पीएम मोदी का वादा भारतीय सशस्त्र बलों ने पूरा किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम ने वादा किया था कि हम 26 लोगों की मौत का बदला लेंगे। पात्रा ने कहा कि पीएम ने कहा था कि बदला दुश्मन की कल्पना से परे होगा और ऐसा ही हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि मिट्टी में मिलाएंगे और घुस के मारेंगे, हमने वही किया। पीएम मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी ने सुनिश्चित किया कि आतंकी स्थल मलबे में तब्दील हो जाएं...22 अप्रैल से 7 मई तक देश में तनाव का माहौल था; तत्काल कार्रवाई की मांग थी।

बीजेपी एमएमपी ने कहा कि अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक के बावजूद पाकिस्तान यह अनुमान नहीं लगा पाया कि उस पर कब हमला होगा। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आज भाजपा, उसके कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षा बलों को धन्यवाद देते हैं, जिनकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर सफल हो पाया है।

## नाबालिग के साथ गैंग रेप, तीन गिरफ्तार

**रांची:** राजधानी रांची से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ तीन युवकों ने गैंग रेप किया। जानकारी के अनुसार, तीनों युवकों ने युवती के सामने बुंडू में आयोजित नवरात्र घूमने के बहाना बनाया और उसे अपने साथ लेकर गये और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही छानबीन शुरू की। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि आरोपी पीड़िता को घर से लेकर गये थे। तमाड़ के डेरो का रहने वाला मुकेश महतो और दीनबंधु महतो रात करीब नौ बजे पीड़िता के घर पहुंचे। आरोपियों ने पीड़िता को बुंडू मे आयोजित नवरात्र घूमने की बात कही। फिर बहाना बनाकर अपने साथ ले गये। इसके बाद आरोपी युवती को बुंडू स्थित नरेश महतो के किराये के मकान पर ले गये। यहां तीनों युवकों ने रात भर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इधर, जब देर रात तक युवती घर नही पहुंची, तो परेशान परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन पूरी रात ढूंढ़ने के बाद भी युवती का कुछ पता नहीं चल सका। सुबह जब युवती घर पहुंची, तब उसने घटना की पूरी जानकारी परिजनों को दी। घटना के बारे में पता लगते ही परिजनों ने थाना में आकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के बयान पर केस दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होते ही तमाड़ पुलिस एक्शन में आ गयी। पुलिस ने पूरे मामले की गहनता से जांच और छानबीन की। इसके बाद पूरे मामले का पदार्फाश हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों- नरेश महतो, मुकेश महतो और दीनबंधु महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दुश्मन पर टूटा 'ब्रह्मोस' का कहर

# जब भारत ने दागीं क्रूज मिसाइलें तब पाकिस्तान ने खींचे कदम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** भारत की ब्रह्मोस मिसाइल ने नूर खान (चकलाला) में एयरबेस सहित पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों और एयरबेसों को निशाना बनाया। सूत्रों का कहना है कि भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल तब किया, जब पाकिस्तान ने अपनी फतह 11 बैलिस्टिक मिसाइलों से नई दिल्ली को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि, फतह को हरियाणा के सिरसा के पास एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि क्रूज मिसाइल का सामरिक उपयोग पाकिस्तान की परमाणु ताकत की छवि को कमजोर करने के लिए किया गया था। यह एक ऐसा मोड़ था, जिसने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया और सेना प्रमुख असीम मुनीर सहित सैन्य नेतृत्व को कदम पीछे खींचने पर मजबूर किया। एक दिन पहले भारत ने लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली पर हमला किया था। इससे पाकिस्तान की कमजोरियां उजागर हो गई थीं




कि भारत की मिसाइलें उसके क्षेत्र में बहुत अंदर तक सटीकता से लक्ष्य को भेद सकती हैं। ब्रह्मोस समेत भारत की मिसाइलों ने रफीकी, मुरीदके, नूर खान, रहीम यार खान, सुक्कुर, चुनियन, स्कार्दू, भोलारी, जैकबाबाद में भारी नुकसान पहुंचाया।

'दागो और फिर भूल जाओ' का सिद्धांतः ब्रह्मोस दो-चरणीय मिसाइल है। इसे रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसका नाम दो नदियों भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा से मिलाकर रखा गया है। यह भारत-रूस साझेदारी का प्रतीक भी है। मिसाइल ठोस ईंधन बूस्टर के साथ लॉन्च होती है जो उड़ान भरने के बाद अलग हो जाता है। इसके बाद तरल ईंधन से चलने वाला रैमजेट इंजन इसे मैक

10 मीटर की ऊंचाई पर भी हमला कर सकती है मिसाइलः यह 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकती है और जमीन से 10 मीटर की ऊंचाई पर भी हमला कर सकती है। इसे दागो और भूल जाओ के सिद्धांत पर डिजाइन किया गया है। एक बार लॉन्च होने के बाद इसे किसी और मार्गदर्शन की जरूरत नहीं होती। मिसाइल का कम रडार सिग्नेचर और उच्च गतिज ऊर्जा के कारण इसे रोकना बेहद कठिन हो जाता है।

290 किमी है मानक रेंजः ब्रह्मोस मिसाइलों की मानक मारक क्षमता 290 किलोमीटर है। हालांकि, हाल ही में 450 किलोमीटर से अधिक और 800 किलोमीटर तक की विस्तारित मारक क्षमता वाले संस्करणों का सफलतापूर्वक परीक्षण भी किया गया है। भविष्य के वेरिएंट का लक्ष्य 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों पर हमला करना है।

24 वर्ष पहले हुआ था ब्रह्मोस का पहला परीक्षणः ब्रह्मोस का पहला परीक्षण 12 जून, 2001 हुआ था। भारतीय नौसेना ने 2005 में आईएनएस राजपूत पर अपना पहली ब्रह्मोस प्रणाली शामिल की थी। भारतीय सेना ने 2007 में अपनी रेजिमेंट के साथ इसे शामिल किया और बाद में वायुसेना ने सुखोई-30एमकेआई विमान से हवाई-लॉन्च वाले संस्करण को शामिल किया। 2025 तक इसके दो संस्करण सेवा में हैं।

## उत्तरी भारत के 32 हवाई अड्डों पर फिर से शुरू हुई सेवाएं, एयरस्पेस प्रतिबंध हटाए गए



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** उत्तर भारत के 32 प्रमुख हवाई अड्डों से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने आज सुबह घोषणा की कि यात्रियों को 32 हवाई अड्डों को 15 मई 2025 की सुबह 5:29 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखने की अधिसूचना जारी की गई थी लेकिन अब यह सभी हवाई अड्डे तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं। यह बंदी भारत द्वारा आतंक रोधी अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-ऑक्यूपाइड कश्मीर में किए गए एयर स्ट्राइक्स के बाद लागू की गई थी।

## मोतिहारी से 10 लाख का इनामी खलिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण** : बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र से पुलिस और एनआईए की संयुक्त कारवाई में रविवार देर शाम 10 लाख रुपये के इनामी खलिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार भारत विरोधी गतिविधियो में शामिल रहे आतंकी कश्मीर नेपाल में छिपकर रह रहा था। इन दिनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसको लेकर वह नेपाल से मोतिहारी पहुंचा था। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने आज बताया कि पुलिस ने एनआईए के साथ मिलकर खालिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से कई अहम दस्तावेज व सामान मिले है।

## छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसा, 13 की मौत

● मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा में रविवार आधीरात रायपुर-बलौदबाजार रोड पर सारागांव के पास माजदा की पहले ट्रेलर फिर डंपर से टक्कर होने से 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि देररात खरोरा इलाके में हुए हादसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मृत्यु की सूचना मिली है। घायलों को रायपुर के मेडिकल कालेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।।

हादसे में मरने वालों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने बताया कि ग्राम चटौद के लोग स्वराज माजदा वाहन (सीजी 04, एमक्यू 1259) में रविवार को छट्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम बाना बनारसी गए हुए थे। लौटते समय बलौदबाजार रोड पर सारागांव के पास रायपुर-माजदा वाहन की पहले ट्रेलर से टक्कर हुई। ट्रेलर में लोहे का स्ट्रक्चर था, जो दोनों ओर से तीन-तीन फीट बाहर निकला हुआ था।

# खूंटी के जंगलों में बाघ की सूचना से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग अलर्ट

**संवाददाता**

खूंटीः रांची और खूंटी जिला के आसपास जंगली इलाकों में बाघ की सूचना पर इलाके में दहशत है। इसको लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया। खूंटी वन प्रमंडल से सटे नामकुम थाना क्षेत्र के रईसा मोड़ के जंगल में सोमवार सुबह बुंडू में एक मवेशी का शव देखकर ग्रामीणों ने बाघ द्वारा मारे जाने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग ने स्थल का जायजा लिया। मवेशी के जख्मों की जांच करते हुए उन्होंने बाघ द्वारा मारे जाने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार मवेशी को जिस तरीके से मारा गया है उससे ऐसा हो सकता है कि बाघ के हमले से मौत हुई है। हालांकि इससे पहले जंगल में बाघ के पंजे के निशान मिलने के बाद खूंटी वन प्रमंडल के अधिकारियों ने बाघ की पुष्टि के लिए पूरा जंगल छान मारा लेकिन पुष्टि नहीं हो सकी। फिर अचानक



रांची वन प्रमंडल से सटे खूंटी के सीमावर्ती इलाके बंधुआ पंचायत के रुडुंगकोचा और कोलाद के गांव में बाघ होने की सूचना मिली और गांव के सोमा उरांव में मवेशी का शिकार करने की खबर पर वन विभाग पूरी तरह से सतर्क है और लोगों को जंगल नहीं जाने के लिए सतर्क कर रहे हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दलमा जंगल का बाघ तीन महीने पूर्व से ही लापता है। उसका ट्रेस नहीं हो पा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि दलमा जंगल से ही बाघ भ्रमण के लिए निकला है जो विभिन्न क्षेत्रों के जंगल में विचरण कर रहा है। ऐसी आशंका है कि बाघ को खूंटी और रांची के जंगलों में उसका आहार नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण वह बाघ जंगलों में चर रहे मवेशियों का शिकार कर रहा है। रांची प्रमंडल के वनरक्षी प्रवीण कुमार ने बताया कि सूचना पर कोलार इलाके में जांच की गई लेकिन किसी तरह का बाघ होने का प्रमाण नहीं मिला है। गांव वालों की सूचना पर एक स्थल से कुछ बाल एकत्रित किया गया है जिसे जांच के लिए भेजा गया है। वन विभाग की टीम बाघ को ट्रेस करने में लगी हुई है लेकिन बाघ अभी ट्रेस नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि बाल मिलने से बाघ होने की पुष्टि नहीं की जा सकती लेकिन मवेशियों को जिस तरह से मारा गया है इससे बाघ द्वारा शिकार होना प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से प्रवीण कुमार, दीपक लकड़ा, सुरेंद्र नायक और खरसीदाह ओपी प्रभारी भावेश कुमार सहित विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र के लोगों से संपर्क में है और लोगों से अपील कर रहे है कि अकेले जंगल की तरफ न जाएं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अगर बाघ है तो पानी की तलाश में नदी, तालाब एवं डोभा जरूर जाएगा। वैसे जगहों पर भी टीम लगाई गई है। डीएफओ ने बताया कि संभवतः दलमा जंगल का बाघ हो सकता है। अगर दलमा जंगल का ही बाघ है तो वो अपने क्षेत्र में चला जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि अकेले जंगल की तरफ न जाएं। फिलहाल क्षेत्र के जंगलों में वन विभाग की टीम मॉनिटरिंग कर रही है।

## होटल रूम में युवती ने दी जान, आपत्तिजनक सामान बरामद

**जमशेदपुर** : साकची थाना क्षेत्र के आम बागान स्थित होटल अल डोराडो के कमरा नंबर 506 में एक युवती का शव पंखे से झूलता मिला। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी और साकची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने दो युवक, एक युवती के अलावा होटल के मालिक और मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सिटी डीएसपी ने बताया कि होटल के कमरे से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं। जिस कमरे में युवती का शव मिला है, उस कमरे में एक और लड़की थी। वहीं कमरा नंबर 504 में भी दो युवक भी थे। सभी वहीं के रहने वाले हैं और साथ में होटल आये थे। कहा जा रहा है कि सभी पार्टी करने के लिए होटल आये थे। इससे यह पता चलता है कि होटल में बगैर पुख्ता जांच के किसी को भी कमरा उपलब्ध करा दिया जाता है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर कमरा नंबर 506 में मौजूद दूसरी युवती ने बताया कि मृतका का नाम रुखसाना है। उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। उसने ही उसे यहां बुलाया था। कल रात जब वह यहां पहुंची तो रुखसाना काफी नशे में थी। उसके बाद वह कमरा नंबर 504 में चली गयी। सुबह देखा तो उसका शव फंदे से लटकता मिला।

# पेड़ से टकराई बारातियों से भरी गाड़ी, दो की मौत



● ड्राईवर को नींद आने से हुई दुर्घटना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

गिरिडीहः बारात से वापस लौट रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में दो बारातियों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना गिरिडीह डुमरी पथ के जोड़ा पहाड़ी के पास की है। मृतकों में पीरटांड़ थाना इलाके के कुम्हरलालो निवासी 36 वर्षीय संतोष कुमार वर्मा और मुफ्फसिल थाना इलाके के पालमो पंचायत निवासी विनोद दास शामिल हैं। जबकि घायलों में कुम्हरलालो निवासी 44 वर्षीय खीरू वर्मा, 40 वर्षीय पप्पू वर्मा, 45 वर्षीय बबलू वर्मा, 40 वर्षीय प्रदीप वर्मा एवं 20 वर्षीय सोनू कुमार शामिल हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार के दिन कुम्हरलालो से बारात बेलडीह गई थी। सोमवार सुबह लगभग चार बजे जैसे ही वाहन बदडीहा से आगे बढ़ी तभी ड्राइवर को झपकी लग गई और गाड़ी पेड़ से टकरा गई। अंधेरा होने के कारण बहुत लोग मौके पर जुट नहीं सके लेकिन मामले की जानकारी पुलिस को मिल गई। इसकी सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। इस बीच वाहन पर सवार सभी घायलों कों सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चार में से लोगों को रेफर कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बारह दिवसीय फास्ट फूड स्टाल प्रशिक्षण आज से

मुरीः श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली रांची में *12 दिवसीय लघु उद्यमी (फास्ट फूड स्टॉल ) प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 मई यानी आज से शुरू हो रहा है । ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं एंव पुरुष जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतःनिःशुल्क होगा। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7820953480, 9523381187,9308544400,7370885508,

### 24 घंटे से पड़ा है शव, नहीं हुआ पोस्टमार्टम

**चतराः** सदर थाना क्षेत्र के उंटा मोड़ से बरामद शव का पोस्टमार्टम 24 घण्टे बीत जाने जे बाद भी नहीं हो सका। ऐसे में उक्त महिला का बॉडी 24 घंटे से सदर अस्पताल में पड़ा पड़ा पोस्टमार्टम का इंतेजार कर रहा है। स्थिति ऐसी हो जा रही है कि इस भीषण गर्मी में शव पोस्टमार्टम हाउस में पड़े पड़े डीकम्पोज होने लग रहा है। बॉडी डीकम्पोज होने का कारण मर्चरी का खराब होना बताया जाता है। यही कारण है कि मर्चरी मे बॉडी नहीं रखे जाने के कारण उसमें दुर्गंध फैल रहा है। ऐसे में उस बॉडी को पोस्टमार्टम करने में न सिर्फ डॉक्टर आना कानी करने को विवश हैं, बल्कि जिसका शव है उसके परिजनों को भी दाह संस्कार में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में पूछे जाने पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल ने बताया कि पुलिस के द्वारा इंकवेस्ट रिपोर्ट जमा नहीं करने के कारण बॉडी के पोस्टमार्टम में विलंब हुआ है।

### मदर्स डे पर कई कार्यक्रमों का आयोजन




खूंटीः मुरहू के श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मातृ दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग, कविता, ग्रीटिंग्स, निबंध एवं संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सेजल ,जिया सुनीता एवं करमसिंह ने अपने कविता के माध्यम से मां के गुणों का बखान किया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां और बच्चों का रिश्ता ऐसा अनूठा और भावनात्मक रिश्ता है जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन कार्य है। मां त्याग, स्नेह एवं प्रेम की प्रतिमूर्ति होती हैं। मां के बिना जिंदगी वीरान होती है। मां का स्थान सर्वोपरि होता है। वह ईश्वर के साक्षात प्रतिमूर्ति होती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि माता- पिता को दिया जाने वाला यह प्रेम और सम्मान सिर्फ आज के दिन नहीं अपितु प्रत्येक दिन होना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं ने पटिंग्स, ग्रीटिंग्स बनाकर अपनी मदर्स डे पर बच्चों माताओं को समर्पित किया और उनका धन्यवाद किया। इस दौरान केक भी काटा गया। छात्रों ने अपनी पेटिंग्स को अपनी मां को भेंटकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर सभी छात्र- छात्राओं के साथ -साथ शिक्षिका सावित्री और रिया भी मौजूद थीं।

### डीवीसी के सदस्य सचिव ने किया कोनार प्रोजेक्ट का दौरा

**विष्णुगढ़ :** डीवीसी के सदस्य सचिव डॉ. जॉन मथाई ने कोनार प्रोजेक्ट में औपचारिक दौरा किया। उनके आगमन पर कोनार परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डॉ. मथाई ने कोनार डैम में नौका विहार कर रात्रि विश्राम भी किया। उन्होंने अपने दौरे में कोनार डैम में शुरू होने वाली नई परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि इन अहम परियोजनाओं से यहां के लोगों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में काफी परिवर्तन आएगा। आगे उन्होंने कहा कि डीवीसी के अन्य परियोजनाओं से कोनार काफी अलग है। यहां का मौसम और हरियाली पर्यटकों को बरबस ही लुभाती है।

पर्यटन की यहां काफी संभावनाएं हैं। यहां के आम बगीचे और आम के किस्मों की काफी तारीफ सुनी है। सदस्य सचिव ने कोनार कॉलोनी का भी भ्रमण किया। कोनार को लेकर कुछ सलाह भी दी। परियोजना प्रधान ने उनके सलाह को भविष्य में अमल करने की बात कही। उन्होंने कोनार यात्रा को एक यादगार यात्रा बताया। हाल में कोनार में हुए बदलाव के लिए कोनार टीम को बधाई दी। उनकी विदाई में परियोजना प्रधान ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर विदाई की। मौके पर असैनिक विभाग के प्रबंधक गोपाल महतो, दीपक कुमार, रवि रंजन, चंद्रशेखर और सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार समेत अन्य डीवीसीकर्मी मौजूद थे।

### जिले में 2500 एकड़ भूमि पर बागवानी लगाने का लक्ष्य

**हजारीबाग :** वर्ष 2025-26 में हजारीबाग जिला को सरकार ने 2500 एकड़ भूमि पर बागवानी लगाने का लक्ष्य दिया है । जिसमें 962.96 एकड़ भूमि को चयनित कर काम शुरू कर दिया गया है । जबकि निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिले के सभी 16 प्रखंड लगा हुआ है । सरकार के इस लक्ष्य को पूरा करने में मनरेगा कर्मी लगे हुए हैं । लेकिन पिछले पांच छह माह ने उनका मानदेय नहीं मिलने की कारण उनकी स्थिति काफी दयनीय हो गई है । मनरेगा कर्मियों का कहना है कि मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति बन गई है । मानदेय नहीं मिलने के कारण परिवार के भरण-पोषण के अलावा योजना को धरातल पर उतारने में काफी दिक्कत हो रही है । पैसा के अभाव में कर्मी योजना का ना ही समय समय पर निरीक्षण कर पा रहे हैं और ना ही नया योजना का चयन कर पा रहे हैं ।ऐसी स्थिति में मनरेगा मजदूरों को भी समय पर काम नहीं मिल रहा है । जिसके कारण मजदूरों को पलायन होने पर विवश होना पड़ रहा है । वर्ष 2022 में सरकार ने मनरेगा एक्ट के तहत बिरसा हरित आम बागवानी योजना को धरातल पर उतारा । जिसका लाभ धीरे-धीरे ग्रामीणों को मिलने लगा है। उक्त योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आम की पैदावार बढ़ी है। साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय क्षेत्र से कम लागत में आम प्राप्त हो रहे हैं। उक्त योजना के लाभुक आम बेचकर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। उक्त योजना के तहत ग्रामीणों को अपने आधा एकड़ या फिर एक एकड़ जमीन में इमारती पेड़ और फलदार वृक्ष (आम का पौधा) लगाने का प्रावधान किया गया था।योजना के धरातल पर उतारने के बाद उक्त योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की परती भूमि पर ग्रामीणों के द्वारा आम के पौधे लगाकर बगीचे तैयार किए जाने लगे। पौधारोपण के प्रति लोगों का दिलचस्पी बढ़ी। उक्त योजना को और अधिक धरातल पर उतारने, अधिक से अधिक लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस वित्तीय वर्ष में लाभुकों को आम के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्ष भी लगाने होंगे। हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड को 265 एकड़ में वृक्षारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को सेवानिवृत्त करने के फैसले पर विवाद तेज, लगने लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** केंद्र सरकार के आदेश के बाद भी अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से नहीं हटाया गया है। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सवाल खड़ा कर झारखंड सरकार के नियत पर सवाल उठाया है। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। वहीं बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा बाबूलाल मरांडी को शायद याद नहीं है कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था।

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को लेकर चल रही विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। केंद्र सरकार के आपत्ति के बाद भी राज्य सरकार के निदेर्शानुसार अनुराग गुप्ता झारखंड के डीजीपी के तौर पर सेवा दे रहे हैं इस मामले पर अब राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के फैसले पर विरोध जताते हुए कहा है निर्लज्जता की भी एक हद होती है, पर झारखंड सरकार ने तो उसे भी पार कर दिया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां बीते दस दिनों से डीजीपी का पद खाली है और अनुराग गुप्ता डीजीपी जैसे काम कर भी रहे हैं, वो बिना वेतन के सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा ये तो नया भारत निर्माणह्यबिना वेतन, बिना संवैधानिक वैधता, सिर्फ भ्रष्टाचार के दम पर प्रशासन।

झारखंड सरकार पर तंज कसते हुए बाबूलाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 312 को नकारा है, जो वढरउ को अधिकार देता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह केस के निदेर्शों को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया है।

झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डे ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता प्रकरण पर भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा बाबूलाल मरांडी अब झारखंड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे हैं। डीजीपी पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपनी पार्टी के अंदर झांककर देख लेना चाहिए।



झारखंड में आज जिन मुद्दों पर मरांडी शोर मचा रहे हैं, वे उन्हीं के शासनकाल की देन हैं। तब के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खेल ने ही आज प्रशासनिक व्यवस्था को इस स्थिति में ला खड़ा किया है। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दमदार नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हुआ है। आज हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है। विनोद पांडे ने पलटवार करते हुए कहा संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने से पहले बाबूलाल मरांडी ये भी बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था।

**क्या है मामला?**

ज्ञात हो केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के सेवानिवृत्त होने को लेकर राज्य सरकार को पत्र भेजकर जानकारी दी थी कि 30 अप्रैल तक ही अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के तौर पर सेवा दे पाएंगे। लेकिन झारखंड सरकार ने इसे खारिज करते हुए अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी के तौर पर कार्य करने की अनुमति दी। साथ ही साथ राज्य सरकार के ओर से केंद्र सरकार को चिठ्ठी लिखी गई, जिसमें बताया गया कि डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति कानूनी तरीके से 2 साल के लिए की गई है और यह फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। वहीं, डीजीपी की नियुक्ति को लेकर एक मामला कोर्ट में भी चल रहा है, जिसमें आदेश आना बाकी है। आदेश आने तक अनुराग गुप्ता डीजीपी के पद पर सेवा दे सकते हैं यह न्याय संगत है।

## डेहरी स्टेशन से 12 किशोरियों को किया गया रेस्क्यू, एक तस्कर गिरफ्तार

### काम दिलाने का झांसा देकर ले जा रहे थे तमिलनाडु

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची/डेहरी आन सोनः** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दिनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के डेहरी आन सोन रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रविवार को एक मानव तस्कर को गिरफ्तार कर 12 किशोरियों को मुक्त कराया है।

झारखंड के पलामू से तमिलनाडु ले जायी जा रही थी किशोरियां : आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर कपड़ा कारखाना में काम दिलाने के नाम पर लड़कियों को तमिलनाडु ले जा रहा था। आरोपित निरंजन कुमार पटना जिले के मसौढ़ी थानांतर्गत मातौड़ी गांव का निवासी है। आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम के अनुसार, प्लेटफार्म पर गश्ती के क्रम में आरपीएफ जवानों ने झुंड में किशोरियां को संदिग्ध हालत में देख उनसे पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान किशोरियों ने बताया कि वे झारखंड राज्य के पलामू जिलांतर्गत पाकी, सतबरवा, पाटन समेत छह थाना क्षेत्र के अलग-अलग गावों की रहने वाली हैं। सभी ने बताया कि गिरफ्तार मानव तस्कर द्वारा धागा कारखाना में 375 रुपए प्रतिदिन की दैनिक मजदूरी पर कार्य करने के लिए कहकर तमिलनाडु जाया जा रहा है। पकड़ी गई सभी किशोरियों के आधार कार्ड की जांच में उनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक दशार्या गया, लेकिन स्वजनों को सूचित कर पड़ताल करने के क्रम में शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र देखे जाने पर कोई सातवीं तो कोई आठवीं एवं मैट्रिक कक्षा की छात्रा निकली।

आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनवाकर सभी को युवती दिखा कर मजदूरी करने ले जाया जा रहा था। पकड़ी गई सभी किशोरियों को चाइल्ड हेल्प लाइन के कार्यकताओं को सूचित कर उन्हें सुरक्षित उनके साथ चाइल्ड हेल्प लाइन भेजा गया, ताकि वे सुरक्षित अपने परिवारजन तक पहुंच सकें। वहीं, गिरफ्तार मानव तस्कर को राजकीय रेल थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

## जमीन कारोबारी बंधु यादव को अपराधियों ने मारी गोली

### घायल जमीन कारोबारी ने तीन लोगों पर गोली चलाने का लगाया आरोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** जिला मुख्यालय से सटे सदर थाना क्षेत्र के बभने गांव में एनएच 22 पर चतरा गया रोड स्थित जमीन कारोबारी बंधु यादव (40 वर्ष) पर रविवार की रात 8 बजे अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन गोली चला कर हत्या करने की कोशिश की। गोली जांघ में,कमर के नीचे और पीठ में लगी है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में जमीन कारोबारी को रिम्स रेफर किया गया। परिजनो के मुताबिक घायल कारोबारी का इलाज हजारीबाग के निजी नर्सिंग होम आरोग्यम में किया जा रहा है। सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार ने बताया कि घटना बभने गांव के मनोकामना मंदिर के पास घटित हुई है।अपराधियों ने जमीन कारोबारी को दो गोली मारी है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी ने संभावना प्रकट किया कि हमला भूमि विवाद को लेकर पूर्व में हुई रंजिश का परिणाम हो सकता है। उन्होंने बताया कि घायल जमीन कारोबारी ने अपने बयान में जमीन कारोबार से ही जुड़े तीन लोगों पर हमला करने का संदेह जाहिर किया है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी फरार

**रांची :** रातू थाना की पुलिस शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी दीपक भगत की तलाश कर रही है. रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया नयांटोली निवासी 22 साल की युवती ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है. आरोपी दीपक भगत लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के बसाईरटोली का रहने वाला है. जानकारी के मुताबिक वह हेहल में रह रहा था. इसी दौरान उसकी पहचान युवती से हुई. आरोप है कि उसने युवती से शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया. युवती जब उस पर शादी करने के लिए दवाब बनाया, तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया. युवक द्वारा शादी से इंकार करने पर युवती ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को दी. जिसके बाद परिजनों ने युवक के खिलाफ रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया. जिसके बाद से दीपक भगत फरार चल रहा है.

### हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

**जमशेदपुरः** साकची थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड गोलचक्कर के पास रविवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सोनारी न्यू ग्वाला बस्ती निवासी सूबेदार प्रसाद (52 वर्ष) और पंचवटी नगर, सोनारी निवासी रोहित सोरेन (35 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे के समय दोनों ने हेलमेट पहन रखा था, इसके बावजूद उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा ने तेज गति में बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत मरीन ड्राइव की ओर फरार हो गया। मौके पर भारी भीड़ जुट गयी, लेकिन अधिकांश लोग घायलों की मदद करने की बजाय वीडियो बनाने में लगे रहे। सूचना मिलने पर साकची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एमजीएम अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी मिलने पर मृतकों के घरवाले एमजीएम अस्पताल पहुंचे। परिजन के अनुसार सूबेदार प्रसाद और रोहित सोरेन साथ ही डिमना में काम करते थे। दोनों को कोई स्थायी काम नहीं था। जो भी मजदूरी का काम मिल गया, कर लेते थे। बाइक रोहित सोरेन की थी। दोनों साथ ही डिमना से शाम में बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। मृतक सूबेदार प्रसाद को एक बेटा और एक बेटी है। जबकि रोहित सोरेन के भी दो बच्चे हैं।

हाइवा के बारे में पता लगाने में जुटी है पुलिसः पुलिस ने शव को एमजीएम अस्पताल के शीतगृह में रख दिया है। वहीं, बाइक को पुलिस साकची थाना ले गयी। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। हाइवा का पता लगाया जा रहा है। जिस स्थल पर हादसा हुआ है वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं है।

### मजदूर की मौत के बाद पाइपलाइन का काम बंद

**जमशेदपुरः**बागबेड़ा वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना का काम बंद है। यहां गत सप्ताह सोमवार (पांच मई) को मिट्टी से दबकर एक मजदूर (कृष्णा बास्के) की मौत व एक मजदूर के घायल होने की घटना हुई थी। घटना के बाद पीएचइडी के एजेंसी ने मृतक मजदूर के परिजन को मजदूर के अंतिम संस्कार के लिए एक लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन घटना के एक सप्ताह बीतने के बाद भी बागबेड़ा इलाके में बचे हुए बागबेड़ा वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना में पाइपलाइन का काम शुरू नहीं हो सका है, जबकि पीएचइडी जमशेदपुर प्रमंडल ने अगले दो माह में पेयजलापूर्ति पाइपलाइन को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन उक्त हादसे ने प्रोजेक्ट पर अघोषित ब्रेक लग गयी है। यहां बता दें कि 2015-18 की योजना के 10 साल पूरे हो गये, अभी भी बागबेड़ा में 3.5 किलोमीटर राइजिंग पाइपलाइन का काम बाकी हैं।

### गंगा दामोदर एक्सप्रेस में 60 केन बीयर के साथ युवक पकड़ाया

#### बंगाल से बीयर खरीदकर बिहार ले जा रहा था युवक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** आरपीएफ ने गंगा दामोदर एक्सप्रेस से 60 केन बीयर के साथ एक युवक को पकड़ा है। पकड़ाया युवक सारण दरियापुर बिहार निवासी अमरजीत राय है। वह पश्चिम बंगाल से बीयर लेकर बिहार पहुंचाने के लिए आया था। बरामद बीयर को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया है। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कुन्दन कुमार बल के साथ 10 मई को गश्त कर रहे थे। प्लेटफॉर्म संख्या दो पर खड़ी गंगा दामोदर एक्सप्रेस (13329) के जेनरल कोच में जांच के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में एक आसमानी नीले रंग का पिट्ठू बैग, एक सफेद प्लास्टिक का झोला व प्लास्टिक के बाल्टी लिये बैठा था। जांच के बाद इनमें



20-20 पीस बीयर के केन मिले। इसकी कीमत 6600 रुपये है।

बीयर पर पश्चिम बंगाल का है लेबल : सभी बीयर केन पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल ऑनल लिखा हुआ था। बरामद बीयर केन के संबंध में वैध कागजात उसके पास नहीं मिले। पूछने पर उसने बताया कि अधिक पैसे कमाने की लालच में पश्चिम बंगाल से बीयर ले जाकर बिहार में अधिक कीमत पर बेचता है।

## परसोनिया नदी पर पुल निर्माण मेरी प्राथमिकता : विधायक

### पूर्व विधायक ने किया छल, अब चाहिए ठोस कामः ग्रामीण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंघानी पंचायत स्थित परसोनिया नदी पर वर्षों से लंबित पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व विधायक किशुन दास ने विधानसभा चुनाव से पहले बिना प्रशासनिक स्वीकृति के केवल ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास किया था, जो आज तक केवल औपचारिकता साबित हुआ है। इस झूठे वादे से ग्रामीण अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

अब ग्रामीणों ने उम्मीद की नई किरण वर्तमान विधायक कुमार उज्जवल दास में देखी है। उन्होंने एकजुट होकर अपील की है कि परसोनिया नदी पर शीघ्र पुल निर्माण शुरू हो ताकि वर्षा के मौसम में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिल सके और क्षेत्र में विकास का मार्ग प्रशस्त हो। इस मुद्दे पर विधायक कुमार उज्जवल दास ने कहा, सिंघानी पंचायत के लोगों की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है। परसोनिया नदी पर पुल निर्माण कार्य मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है और जल्द ही प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का उत्तरदायित्व है। आप सबने हमें वोट देकर जो विश्वास जताया है, उसका सम्मान करते हुए हम हर आवश्यक कदम उठाएंगे,



विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया। ग्रामीणों की चेतावनीः इस बार और अनदेखी नहीं सहेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के अन्य हिस्सों में पुल निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं, लेकिन सिंघानी पंचायत बार-बार उपेक्षित रहा है। उनका कहना है कि इस पुल का निर्माण केवल एक मांग नहीं, बल्कि क्षेत्र की जरूरत है, जिससे स्कूल, अस्पताल, बाजार और रोजगार के साधनों तक आसानी से पहुंच बन सकेगी। सभी ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा, यदि इस बार भी इस मुद्दे को अनदेखा किया गया, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। हमें वादे नहीं, काम चाहिए।

# नशे में धुत स्कॉर्पियो चालक ने धुर्वा में मचाया तांडव, कई वाहन क्षतिग्रस्त

संवाददाता

रांची : रांची के धुर्वा में स्थित झारखंड होमगार्ड मुख्यालय के पास सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां बिहार नंबर की एक स्कॉर्पियो ने कई वाहनों में टक्कर मार दी है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिसमें ऑटो चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर स्कॉर्पियों चालक को हिरासत में ले लिया है और



आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो चालक नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था। इस दौरान उसने पहले कई वाहनों में टक्कर मारी। इसके बाद विपरीत दिशा से आ रही एक ऑटो को ठोक दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गये और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आमने-सामने की टक्कर में दो बाइक सवार की मौत

मुरी : सिल्ली ओवरब्रिज पर आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक राहे नुरू नवाडीह का सोहराय मुंडा और दूसरे की पहचान सरा सिल्ली नवाडीह के विप्लव महतो के रूप में हुई है। सोहराय मुंडा के भाई बुधन मुंडा और सिल्ली नवाडीह के प्रभाकर महतो खतरे से बाहर है। ज्ञात हो की सिल्ली ओवरब्रिज पर गड्ढा है।

## समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया 'पक्षी बचाओ अभियान'

# बेजुबान प्राणियों को दाना-पानी देने की अपील

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची में समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए मोरहाबादी कुसुम विहार रोड नंबर 4 में बेजुबान पक्षियों के रक्षा के लिए 'पक्षी बचाओ अभियान' कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। इसमें छोटे- छोटे बच्चों के अलावा उनके अभिभावकों को इस भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई।

मौके पर बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बाटे गए। साथ ही साथ यह




संकल्प दिलाया गया कि सब अपने- अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह सहित कई गणमान्य लोग नागरिक उपस्थित थे।

# आईफा इंटरनेशनल रांची में मनाया गया मदर्स डे

- भारत माता थीम पर कार्ड मेकिंग व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** आईफा इंटरनेशनल रांची द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत माता थीम पर कार्ड मेकिंग एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने भावनात्मक और कलात्मक तरीकों से भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा एवं मातृत्व भाव को उकेरा। वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारत माता, स्वतंत्रता सेनानियों, व अन्य सांस्कृतिक पात्रों का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ दिवस के माध्यम से देशभक्ति और मातृत्व दोनों की भावना को एक साथ उजागर करना था। साबिर हुसैन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की



और सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

आईफा के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि इससे उनमें आत्मविश्वास, कला और संस्कृति के प्रति सम्मान विकसित होता है । विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं जूनियर ग्रुप में फर्स्ट - आयात और अलीजा,सेकंड -हुमरा और एलिजा ,थर्ड -आईजा फातिमा, सीनियर-- ग्रुप में फर्स्ट- अनन्या श्री, और सौम्या सिंह, सेकंड- जूनेरा अख्तर, और आयशा अख्तर थर्ड- हुमयरा जावेद ,और सिद्रा को मिला निर्णायक मंडलियों में शगुफ्ता बानो शिल्पा तथा आलिया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में असम तथा अलमासन का सहयोग रहा।

# वार्ड 23 से जावेद अली उर्फ बंटी ने की चुनाव लड़ने की घोषणा

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड कुरैश चिक पंचायत चर्च रोड द्वारा नवनियुक्त तीन शहर काजी कारी अंसारुल्लाह कासमी, हाफिज अबुल कलाम, नसरुउद्दीन फैजी को कुर्बान चौक, हिन्दपीढ़ी मे टोपी, साफा, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए आयोजनकर्ता मोहम्मद जावेद अली उर्फ बंटी ने कहा झारखंड सरकार कल्याण मंत्रालय द्वारा कारी अंसारउल्लाह, हाफिज अबुल कलाम, नसरुउद्दीन फैजी को शहर काजी बनाने पर राज्य सरकार को बहुत-बहुत बधाई।उन्होंने उम्मीद जाहिर की कारी अंसारउल्लाह, हाफिज अब्दुल कलाम नसरुद्दीन फैजी समाज के लिए लगातार अब और ज्यादा काम करें ऐसी हमारी उम्मीद है। मुस्लिम वर्ग के बीच शादी-विवाह कराना एवं प्रमाण पत्र देना इनका काम होगा। इस मौके पर मोहम्मद जावेद अली उर्फ बंटी ने घोषणा की किया की मै वार्ड 23 से



पार्षद के उम्मीदवार होंगे । उन्होंने वार्ड 23 की सभी जनता से वोट देने की अपील की। मौके पर बोलते हुए शहर काजी नसरुद्दीन फैजी ने कहा हमें खुशी हो रही है कीकुरैश चिक पंचायत ने यह सामान समारोह आयोजित किया है शहर काजी बनना समाज से जुड़े रहने का एक शानदार मौका है। हमारी यह कोशिश होगी की शादी को आसान करें दहेज का लेन देन ना हो ऐसी हमारी कोशिश होगी। शहर काजी हाफिज अब्दुल कलाम ने कहा समाज और मुअशरा को खिदमत करने का मौका मिल रहा है फिजूल खर्ची को कम करें, सभी अभिभावकों अपने बच्चों की निकाह सही उम्र में करें। शहर काजी कारी अंसारउल्लाह ने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को मैं पूरी ईमानदारी से करूंगा।इस मौके पर झारखंड कुरैश चिक पंचायत के उपाध्यक्ष हाजी फिरोज अली, सचिव फैयाज अली,सदस्य मोहम्मद अमन,फिरोज अंसारी, चुन्नू कुरैशी, पप्पू कुरैशी, अमान कुरैशी, फिरोज अंसारी, अख्तर, मेराज, आरजू, अलकमा, फरहान समेत कई लोग मौजूद थे।

# मंईयां सम्मान योजना : सत्यापन के बाद हुई 5.46 लाख अपात्र लाभुकों की पहचान, अब हटेंगे नाम

संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना के 56.61 लाख लाभुकों में से करीब 5.46 लाख अपात्र लाभुक मिले है। इन्होने अबतक जरूरी कागजात जमा नहीं किये है। न ही बैंक खाते के आधार से लिंक होने की जानकारी दी है। अब इनके नाम सूची से हटाए जाएंगे। इन्हे अप्रैल और मई की राशि नहीं मिलेगी। इनमें से करीब दो लाख लाभुकों का डेटा मिसमैच है। उन्हे जनवरी से मार्च तक का भुगतान भी नहीं किया गया है। झारखंड सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि योजना की राशि केवल उन लाभुकों को ही दी जाएगी, जिनका बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक है। अबतक करीब 51 लाख ऐसी महिलाओं की पहचान हुई है, जिन्हें पात्र लाभुक माना गया है। विभाग इनकी जिलावार सूची बना रहा है। इन 51 लाख लाभुकों को भुगतान के लिए अलॉटमेंट जारी होने वाला है। योजना की शुरूआत में लाभुकों को 1000 रुपए प्रतिमाह दिया जा था। विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे बढ़ाकर 2500 रुपए करने की घोषणा की थी। जिन-जिन राज्यों में इस तरह की लाभकारी योजना महिलाओं के लिए चलाई जा रही है इसमें सबसे ज्यादा राशि झारखंड सरकार 18 से 50 साल की महिलाओं को दे रही है। भौतिक सत्यापन में 12.76 लाख लाभुक होल्ड पर थेः दिसंबर की राशि ट्रांसफर होने के बाद बड़ी संख्या में अपात्र लाभुकों की बात सामने आई। इसके बाद सभी जिलों में भौतिक सत्यापन हुआ। इसमें 43.85 लाख लाभुक योग पाए। इनमें से 37.55 लाख लाभुकों के खाते ही आधार से लिंक थे। शेष 12.76 लाख लाभुकों को होल्ड कर रखा गया। लेकिन बाद में सरकार ने इन्हें राहत देते हुए मार्च तक बगैर आधार लिंक खाते में भी पैसे भेजना का फैसला लिया, जिनके दस्तावेज सत्यापन में सही मिले थे। जनवरी में 56.61 लाख लाभुक थे जो सत्यापन के बाद घटकर 43.85 लाख हो गये, इसमें 12.76 लाख होल्ड पर रखे गये। मार्च में 37.55 लाख लाभुक थे जो आधार लिंक से छूट के बाद 50.05 हो गये। अब सत्यापन के बाद करीब 51 लाख लाभुक महिलाएं हो गयीं है। ये योजना झारखंड सरकार की ऐसी योजना है जिसे 2024 विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार के दुबारा चुनकर आने का सबसे बड़ा कारण माना जाता है, इसलिए वर्तमान सरकार इसकी कमियों को लेकर बहुत गंभीर रही है और अब सत्यापन के बाद इसे बेहतर तरीके से चलाने और समय पर लाभुकों को राशि दिये जाने की तैयारी है। जिलों में कैंप लगाकर की गई आधार सीडिंगः अप्रैल और मई में अलग-अलग जिलों में मंईयां योजना के लाभुकों के लिए बैंक खाते को आधार के साथ जोड़ने के लिए आधार सीड़िंग, सत्यापन और ई-केवाइसी की प्रक्रिया चली। इसके लिए सभी जिलों में कैंप लगाए गए थे। राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि योजना की राशि केवल उन महिलाओं को मिलेगी, जिनका खाता आधार कार्ड से लिंक होगा। इधर सत्यापन के बीच मंईयां योजना के लिए नए आवेदन भी लिए जा रहे हैं। पुरानी गलतियों से सीख लेकर इन आवेदनों की स्क्रूटनी और कागजात की जांच हो रही है। बैंक खाता आधार से लिंक है या नहीं, इसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सबकुछ सही पाए जाने के बाद इन्हें लाभुकों की सूची में जोड़ा जाएगा।

# मदर्स डे पर महुबा मांजी व अन्य को किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप एवं छात्र क्लब ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में मदर्स डे मनाया गया। इस मौके पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवा कार्य करने वाली राज्य सभा सांसद महुआ माजी,लायंस क्लब रांची लाइफ के अध्यक्ष रवि मेहता सहित 11 महिलाओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उनकी लंबी उम्र,स्वास्थ्य लाभ,सुखमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप के निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा कि मातृत्व शक्ति के बिना हम अधूरे हैं। हमें आखिरी समय



तक मातृ शक्ति का सम्मान करना चाहिए। वहीं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा माताएं विश्व के सभी लोगों की खुशी चाहती है। हम सभी लोगों को माताओं की सेवा एवं उनकी पूजा भी अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर रातु रोड ,मधुकम एवं खादगढ़ा मे बच्चों के बीच बिस्किट्स,चॉकलेट,मिठाइयां वितरण कर कार्यक्रम की समापन की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से डीएवी शिक्षा दीप ग्रुप के संस्थापिका नीलम देवी, संरक्षक ब्रजेश पाठक,निदेशक मंडली के अविनाश गौरव,प्रवास गौरव,प्रशासनिक पदाधिकारी कुणाल कौशल,राजेश कुमार,छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक,ललित कुमार चौधरी,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,नेहा सिंह,संध्या कुमारी,मीरा प्रसाद, रश्मि प्रिया, गजेंद्र कुमार व अन्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एक्वा वर्ल्ड में आयोजित 'मदर्स डे' भारत माता' को समर्पित रहा

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः एक्वा वर्ल्ड, मछली घर द्वारा आयोजित मदर्स डे का विशेष कार्यक्रम भारत माता को समर्पित रहा। कार्यक्रम 'मां तुझे सलाम' की थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत में मिक्सड एलिमेंट्स डांस ग्रुप द्वारा ' तेरी मिट्टी' और ' देश रंगीला' गीतों पर नृत्य पेश किया गया जिसके कोरियोग्राफर डेविड थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले में चंद्रकला, समृद्धि, तृप्ति, खुशी,आराध्या, शांभवी, वैष्णवी, जेम्स, अंशिका ,सुहानी, सृष्टि ,प्रज्ञा, दृष्टि प्रमुख थे। एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे श्रृंखला की शुरूआत मदर्स डे के कार्यक्रम से की गई। इस अवसर पर अनेक सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं जहां वायु सेना, नौसेना और थल सेना के पराक्रम को दिखाया गया। इसके अतिरिक्त एक सिग्नेचर बूथ भी बनाया गया






है जिसमें लोग 'वी स्टैड विद भारत' की थीम पर हस्ताक्षर कर रहे थे। मदर्स डे पर मम्मी और बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया। मम्मी और बच्चों ने रैंप पर चलकर मां के थीम वाली गीतों पर रैंपवॉक किया। अतिथि के रूप में रूप में दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा,नीतू कुमारी, डेविड,आदि मौजूद थे। सभी विजेताओं को एक्वा वर्ल्ड समूह की को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, प्रद्युम, साहिल, सुचित्रा, लावण्या, सोनाक्षी, ज्योत्सना, रव्या , नेवा, रीवा आदि उपस्थित थे।झारखण्ड कुरैश चिक पंचायत चर्च रोड ने नवनियुक्त तीन शहर काजी को सम्मानित किया गया।

# गुलाम शाहिद : आधे घंटे की बारिश में उफनीं नालियां ,सड़कों पर पसरी गंदगी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** बरसात से पहले शहर के नालियों की सफाई की पोल शुक्रवार को हुई थोड़ी देर की बारिश में ही खुल गई। सफाई ढंग से नहीं होने का नतीजा था कि थोड़ी सी बारिश में हिंदपीढ़ी के नाला रोड पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर नदी बनकर बहने लगा। कीचड़, गंदगी से स्थानीय बाशिंदों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नालियां ओवरफ्लो हो गए। दुर्गंध फैल गई । लोगों ने बताया कि नाला 4 से 5 फुट गहरा है लेकिन सफाई नाम की हुई है। सफाईकर्मी खानापूर्ति कर चले गए। हर बार बरसात में नाला जाम हो जाता है और पानी सड़क पर आ जाता है और सड़क दरिया बन जाती है। स्थानीय निवासी और समाजसेवी सजाद इदरीसी ने कहा कि एक बार प्रशासन हमारे मुहल्ले को आकर देंखे। किस प्रकार यहां के लोग मुसीबतों में जी रहे हैं। चारों तरफ जल जमाव है। गंदगी की भी





भरमार है। उन्होंने कहा कि छेत्र में ईमानदारी से काम नहीं हो रहा है। जिसका खामियाजा आम पब्लिक को भुगतनी पड़ रहा है।शहर के गली मुहल्लों में जल निकासी के लिए करोड़ों रुपये का नाली निर्माण कार्य चल रहा है। परंतु करोड़ों की नाली लोगों के लिए आफत बन गयी है। बारिश का पानी नाली से बहने के बजाये सड़कों से बह रहा है।जिस कारण नाली की जगह सड़क पर पानी जमा हो गया है। ठेकेदार द्वारा जहां तहां गढे खोद दिया जा रहा है और मलवा सडकों पर छोड़ दिया जा रहा है। जिससे लोगों को घर से निकलना दूभर हो गया है। सैकड़ों परिवार घर में कैद हो गये हैं। क्योंकि घर के सामने सड़क पर जलजमाव हो गया है। परंतु इधर, हुई बारिश ने नगर परिषद के काम की पोल खोल दी है। गौरतलब है कि इसी मोहल्ला में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष और नगर निगम के निवर्तमान पार्षद का निवास स्थान भी है। बावजूद निर्माण कार्य में लेन देन का खेल चल रहा है और प्रशासन मौन है।

# तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से 18 बकरियों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश, मुआवजे की मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

बेड़ोः प्रखंड के जरिया गांव स्थित सिंघवा टोली निवासी सोनू लोहरा, पिता रंजन लोहरा, के लिए आज की सुबह एक भयावह हादसा बनकर आई। जरिया पेट्रोल पंप के पास सुबह लगभग 9:30 बजे वे अपने बकरियों के झुंड को रांची-बेड़ो मुख्य मार्ग पार करवा रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक फोर व्हीलर गाड़ी ने पूरे झुंड को रौंद डाला। इस दर्दनाक घटना में 18 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं। मारी गई बकरियों में अधिकांश दूध देने वाली थीं, जिनके कुल 9 छोटे बच्चे फिलहाल घर में सुरक्षित हैं और दूध पीने की अवस्था में हैं। इन बच्चों की देखभाल और पोषण अब परिवार के लिए नई चुनौती बन गई है। सोनू लोहरा ने बताया कि उनका पूरा परिवार बकरी पालन पर निर्भर है। घर में बेटे और बेटी की शादी तय थी, जिसे बकरियों की बिक्री से पूरा करना था। उन्होंने टूटे हुए मन से कहा– अब तो पूरी दुनिया ही उजड़ गई लगती है। घायल बकरियों में कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने सड़क निर्माण करा रही आरकेडी रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भी गंभीर आरोप लगाए, कहा कि घटिया निर्माण और लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मौके से फरार हुई फोर व्हीलरः गाड़ी की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। फिलहाल गाड़ी का मॉडल और नंबर स्पष्ट नहीं है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपी वाहन की पहचान की जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक पीड़ित किसान को उचित मुआवजा नहीं मिलता, वे सड़क जाम कर विरोध करेंगे। प्रत्येक मृत बकरी की कीमत करीब 12 से 15 हजार रुपये बताई जा रही है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धन (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **ई–निविदा संख्याः मं.रे.प्र. (सिग व दूरसंचार)-05-2025-26, कार्य का नामः अमजेर मंडल–"सभी प्रमुख बुकिंग कार्यालय और पीआरएस काउंटरों, 22 स्टेशनों (29 स्थानों) पर निगरानी और रिकॉर्डिंग प्रणाली के साथ 72 सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान, अनुमानित लागतः रु.** 13702112.05, **ब्याना राशिः** रु. 218500.00, **ई–निविदायें खोलने की तिथि व समय दिनांक 04.06.2025 को 15:30 बजे**, उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता **www.ireps.gov.in** **546-PM/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## सुविचार

मेहनत अगर आदत बन जाए, तो
सफलता ही तकदीर बन जाती है।

# अब अंदरूनी लड़ाई में फंसा पाकिस्तान

भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से शुरू सीजफायर दुनिया में तनाव कम होने की तरह देखा जायेगा। इसके विपरीत खुद पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। इसे उसी रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के देश के नाम संबोधन से समझा जा सकता है। शहबाज ने अमेरिका, चीन, सऊदी अरब और तुर्की जैसे देशों को सहयोग अथवा सीजफायर में मदद के लिए शुक्रिया कहा। गौर करने लायक है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने जनरल मुनीर के लिए भी ऐसा ही शुक्रिया करने के साथ एक कटु बात भी जोड़ दी। वह कठोर तथ्य यह है कि शहबाज ने परोक्ष रूप से मान लिया कि भारत के हमलों से पाकिस्तान को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। सही मायनों में अब इस नुकसान की जिम्मेदारी तय करने का समय शुरू हो गया है। पीएम शहबाज के कई देशों और अपने सहयोगियों के लगातार धन्यवाद करते जाने के बीच दुनियाभर के कूटनीतिक विशेषज्ञ सांस रोके भाषण खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। उन्हें थोड़ी देर के लिए शायद यह लगा कि शहबाज अपनी कुर्सी छोड़ने जा रहे हैं। लगा कि सीजफायर होते ही शहबाज को विदा करने की योजना बन चुकी है। ऐसा नहीं हुआ। उसके बाद अब शहबाज शरीफ की चाल की चर्चा शुरू हो गयी है। पाकिस्तानी हुक्मरान ही नहीं,आम लोगों को भी पता है कि भारत-पाक के मध्य हर युद्ध अथवा संघर्ष में पाकिस्तान की बदहाली के लिए किसी के सिर ठीकरा फोड़ने की परंपरा रही है। आमतौर पर इसमें राजनेताओं के बजाय सैन्य अधिकारी हावी होते रहे हैं। फिलहाल स्थिति अलग लग रही है। शहबाज ने संघर्ष में भारत की मजबूती और पाकिस्तान की बबार्दी का जिक्र कर फिलहाल इसकी जिम्मेदारी सेना पर डालने की कोशिश की है। ऐसे में सेना और सरकार के बीच अघोषित संघर्ष शुरू हो चुका है। इस तरह का ताजा मामला वर्ष 1999 के कारगिल युद्द का है,तब भी कुछ ऐसा ही हुआ था। कहते हैं कि जनरल परवेज मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विश्वास में लिए बिना कारगिल,द्रास और बटालिक की चोटियों पर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जब इन जगहों पर पाकिस्तानी सेना हार गई तो जनरल मुशर्रफ ने पीएम नवाज को आगे कर दिया। बाद में तख्तापलट की कहानी लंबी हो जायेगी। पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री को इसका अंदाजा है। तभी उन्होंने जिम्मेदारी के लिए जनरल मुनीर को आगे करने की कोशिश की है। ऐसा करना उन्हें इसलिए भी जरूरी लगा कि सीजफायर तो पड़ाव भर है। अभी भारत की ओर से सिंधु का पानी रोकना,दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते फिर से कायम करने के साथ भारत-पाकिस्तान के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल करने जैसे बड़े काम बाकी हैं। स्वाभाविक रूप से इसके लिए पाकिस्तानी राजनेताओं को ही आगे आना होगा। भारत का लोकतांत्रिक नेतृत्व भी सैन्य शासक की जगह पाकिस्तानी राजनेताओं को ही प्राथमिकता देगा। पाकिस्तान स्वयं इस हार के दंश से किस तरह बाहर निकलेगा,यह समझने के लिए कुछ समय लगेगा। फिलहाल,पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर पर आम पाकिस्तानियों का गुस्सा फूटने लगा है। पाकिस्तान के बुद्धिजीवी खुलेआम पाकिस्तान आर्मी चीफ के अप्रैल में दिए बयान को याद कर रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने उस बयान में हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे से अलग बताया था। पाकिस्तानी प्रोफेसर डॉ.इश्तियाक अहमद ने कहा है कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल बाजवा के कार्यकाल में पाकिस्तान में शांति रही। आसिम मुनीर ने इस बात की चिंता नहीं कि मुसलमानों की एक तिहाई आबादी भारत में ही रहती है। मुनीर ने इस भावना को भड़काया कि हिंदुओं और मुसलमानों में कुछ भी एक जैसा नहीं है। बहरहाल,प्रो. इश्तियाक का बयान एक उदाहरण भर है। यह आगाज है,अंजाम क्या होगा,इसे जानने के लिए इंतजार तो करना ही पड़ेगा।

# महात्मा बुद्धः दया, करुणा व मानवता के पक्षधर

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था, किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया,परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।

## बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

**श्वेता गोयल**



हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को "बुद्ध पूर्णिमा" के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था, किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया,परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है। सारथी ने बताया,"यह एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध,निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं,उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया,जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकल कर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए, किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोधगया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए। मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे। सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार "तथागत" कहकर संबोधित किया। "तथागत" यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया,वह वृक्ष "बोधिवृक्ष" कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोधगया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को "महात्मा बुद्ध" कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनिया भर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**




दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती पर 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। "लेडी विद द लैंप" के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से "फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार" की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की (तुर्किये) की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आ रही थीं। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंच कर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से "लेडी विद द लैंप" कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थीं। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई। उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को "अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस" के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भगवान नृसिंह की पूजा करने से दूर होता है भय और नकारात्मकता



आज यानी की 11 मई 2025 को नृसिंह जयंती मनाई जा रही है। यह दिन भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार के प्राकट्य का उत्सव है। नृसिंह जयंती का दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्तों की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान नृसिंह की पूजा-अर्चना करने से भय और नकारात्मकता दूर होती है और जातक अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इसी दिन भगवान विष्णु ने राक्षस हिरण्यकश्यप का वध किया था। हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए भगवान श्रीहरि विष्णु ने नृसिंह का रूप लिया था। तो आइए जानते हैं पूजन विधि और शुभ मुहूर्त के बारे में...

### तिथि और मुहूर्त

हिंदू पंचांग के मुताबिक चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 10 मई को 05:29 मिनट से शुरू हो रही हैं। वहीं आज यानी की 11 मई 2025 को रात 08:01 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के हिसाब से 11 मई 2025 को नृसिंह जयंती मनाई जा रही है। इस दिन सायंकाल पूजा का समय शाम 04:21 मिनट से लेकर 07:03 तक है।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करके साफ वस्त्र पहनें और पूजा स्थल की गंगाजल से शुद्ध करें। फिर एक चौकी पर पीले या लाल रंग के कपड़े बिछाएं और फिर उस पर भगवान नरसिंह की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करें। अब भगवान नृसिंह को पंचामृत से स्नान कराएं और कुमकुम, हल्दी, चंदन, पीले फूल, तुलसी दल, फल, गुड़-चना, मिठाई, धूप और दीप आदि अर्पित करें। वहीं पूजा के दौरान 'ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम् । नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥' मंत्र का जाप करें। इसके बाद प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा का पाठ करें और पूजा के अंत में नृसिंह भगवान की आरती कर सभी में प्रसाद बांटें।

## सेहत

### ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वजन कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है। जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोजाना एक ही चीज खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं-

**मील हो जाता है बोरिंग** : अगर हम रोज एक ही चीज खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला-भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

**फाइटिक एसिड से होता है नुकसान** : ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के धक्के से दंपति घायल

**विश्रामपुर :** अज्ञात वाहन के धक्के से पलामू जिले के रेहला सिटी में एक दंपति रविवार की दोपहर में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रेहला निवासी वीरेंद्र राम अपनी पत्नी शांति देवी के साथ घर से बाजार, खरीददारी करने जा रहे थे। इसी बीच एक बोलेरो पीछे से दोनों को धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद चालक अपनी गाड़ी भगाते हुए फरार हो गया है। इधर पति-पत्नी को घायलावस्था मे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### मृतक का शव परिजनों को नहीं सौंपे जाने के मामले में केंद्र सरकार गंभीर

**लातेहार :** बकाए बिल की राशि नहीं चुकाने की दशा में मृतक का शव परिजनों को नहीं सौंपे जाने के मामले को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने काफी गंभीरता से लिया है। वहीं मंत्रालय ने ऐसे मामलों को संज्ञान में लेते हुए सभी राज्यों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इधर केंद्रीय मंत्रालय द्वारा दिए उक्त निर्देश के आलोक में राज्य स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने अपने कार्यालय से निर्गत पत्रांक- 22/विविध -01-05/2024/53 (22) दिनांक 09/05/2025 के द्वारा सूबे के सभी उपायुक्तों और सिविल सर्जन को इस तरह के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

वहीं सचिव ने साफ शब्दों में कहा है कि संबंधित अस्पतालों या स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा उपचार के पश्चात मृत व्यक्ति के शव को परिजनों को सौंपने से सिर्फ इस बात से मना नहीं किया जा सकता कि उनके बिल लंबित हैं। क्योंकि ऐसी स्थिति में अस्पतालों - स्वास्थ्य सुविधाओं का उक्त कृत्य शोक-संतप्त परिवारों के लिए अनावश्यक मानसिक पीड़ा का कारण बनती है जो कि सीधे तौर पर नैतिक और मानवीय सिद्धांत की अवहेलना है। वहीं संयुक्त सचिव के जारी आदेश में उपचार के बाद मृत व्यक्ति का शव उनके परिजनों को शीघ्र और ससम्मान सौंपने का उल्लेख है।

### मुलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं

**कोडरमा :** डोमचांच निज प्रतिनिधि सरकार ने डोमचांच को नगर पंचायत का दर्जा तो दे दिया है। लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आज भी कई ऐसे इलाके हैं,जहां मुलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। लोग सुदूरवर्ती गांवों से भी खराब स्थिति में जीवन जीने को विवश हैं। कुछ इसी तरह का हाल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच के बेलाटांड़ का है। यहां लोग आजादी के इतने वर्ष बाद भी सुविधाओं से महरूम हैं। नगर पंचायत का गठन होने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि कुछ बदलाव होगा,लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी पानी की है।

स्थानीय लखन दास की मानें,तो हम लोगों के बीच पानी को लेकर हा-हाकार मचा है। जंगल से सटा हम लोगों का गांव पड़ता है। पूरे गांव की प्यास बुझाने के लिए मात्र एक चापानल है,उससे भी दूषित पानी निकलता है। ऐसे में काफी दूर से पीने के लिए पानी लाना पड़ता है। जबकि स्नान करने और कपड़ा धोने के लिए डोमनीया नदी का रुख करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। किसी भी बिजली खंभे में लाइट नहीं लगायी गयी है। जंगली जानवर घर के पास भी आ धमकते हैं।

### पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल

डोमचांच : थाना कांड संख्या 27/25 के प्राथमिक अभियुक्त सिकंदर साव, सपही निवासी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह ग्राम पारहो पंचायत के पूर्व मुखिया थे। उसके खिलाफ मामला दर्ज था और वह फरार चल रह था।

### छात्र समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने किया नवनियुक्त कुलपति का स्वागत



**दुमका :** छात्र समन्वय समिति, संथाल परगना प्रमंडल दुमका की प्रतिनिधिगण ने सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की नवनियुक्त कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें सिदो कान्हु मुर्मू प्रतिमा और आदिवासियों की रीति-रिवाज के अनुसार पंची, पौधा और गुलदस्ता भेंट किया गया। मौके पर समिति के प्रतिनिधियों में छात्र नेता डॉ. श्यामदेव हेंब्रम, राजीव बास्की, राजेन्द्र मुर्मू, रितेश मुर्मू, संजय किस्कू, रामकिंकर टुडू, विश्वनाथ मरांडी , सोनी सोरेन , आमोद बास्की, विष्णु मुर्मू, राजेश मुर्मू, राजेश सोरेन, ज्वेल टुडू, ठाकुर हांसदा, राजीव हांसदा, इमानुएल हंसदा,सूरज सोरेन, बबली हंसदा, सलमा टुडू, आलियास हेंब्रम, एलिजाबेथ सोरेन, विमल कुमार टुडू, एलेकसियुस टुडू, सुनील टुडू और रायसेन बास्की उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि की पहल से जल संकट का ऑन स्पॉट समाधान

चंदवारा : प्रखंड में लंबे समय से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या का समाधान सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी की पहल पर समाधान हुआ। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त दौरा कर समस्या का जायजा लिया और मौके पर हीं समाधान किया गया। इसके बाद लगभग पूरे चंदवारा क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल हो गई है। यह संयुक्त निरीक्षण चंदवारा पूर्वी के श्रीराम चौक, चंदवारा बस्ती, चंदवारा पश्चिमी के चंदवारा पार्ट और महुंगाई जैसे इलाकों में किया गया। इस दौरान पीएचइडी के जेई प्रमोद कुमार सिंह , चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, प्रखंड समन्वयक टेकलाल साव, पंचायत समिति प्रतिनिधि बालगोविंद सोनी, द्वारिका राणा, नंदकिशोर सोनी,मुन्ना मोदी, वीरेंद्र यादव,सत्येन्द्र यादव आदि उपस्थित थे। सभी प्रतिनिधियों ने हर घर नल से जल योजना अंतर्गत जलापूर्ति की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की गई, जिससे मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान संभव हो पाया। ग्रामीणों ने इस त्वरित और प्रभावी कदम की सराहना की है।

### पहलगाम के बाद अब और नहीं : अजय

**कोडरमा :** विश्व का परिदृश्य हाल के सालों में बदला है और भारत के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण भी पहले वाला नहीं है, जब पार्लियामेंट पर हमले के बाद यूएन संयम रखने की सलाह देता था। आज दुनिया का एक- एक देश भारत के समर्थन में है। क्योंकि आतंकवाद की जो कीमत पिछले 40 साल में हमने चुकाई है, वह दरअसल पड़ोसी देश का छद्म-युद्ध था। उक्त बातें क्लोरोफिल स्कूल,झुमरीतिलैया के निदेशक सह शिक्षाविद अजय अग्रवाल ने भारत-पाक के बीच चल रहे भारी तनाव और हमले के बीच कहा है। उन्होंने कहा है कि पहलगाम के बाद अब और नहीं। बस बहुत हुआ के मानस के साथ भारतीय सेना को घोषित तौर पर खुली छूट देना हमारी जरूरत के अनुकूल भी है और यह हमारे नेतृत्व की परिपक्वता और दूरदर्शिता को भी दर्शाता है।

# विश्व प्रवासी पक्षी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उधवा विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के अवसर पर साहेबगंज वन प्रमंडल के सौजन्य से +2 हाई स्कूल, उधवा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस वर्ष इस दिवस की थीम थी।पक्षी अनुकूल शहर और समुदाय बनाना॰ ।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को प्रवासी पक्षियों के महत्व,उनकी सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत भाषण से की गई।इसके उपरांत विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता और पक्षियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक




भाग लिया.प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने प्रवासी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों,उनके प्रवास के कारणों और संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकगण, और स्थानीय ग्रामीणों की भी सक्रिय भागीदारी रही।सभी ने मिलकर पक्षी संरक्षण की दिशा में अपने-अपने विचार साझा किए और एक सामूहिक संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के पर्यावरण को पक्षियों के अनुकूल बनाएंगे।कार्यक्रम के अंत में इकोस ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक किसलय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ॢपक्षी प्रकृति का अहम हिस्सा हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।हमें मिलकर ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे हमारे शहर और गांव प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बन सकें।

# गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन इंडक्शन मीटिंग का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज के समन्वयक डॉ.ध्रूब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि क्षेत्रीय केंद्र,देवघर के निदेर्शानुसार साहिबगंज महाविद्यालय में जनवरी 2025 सत्र में नामांकितछात्र-छात्राओं के लिए 11 मई 2025 को गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया।उन्होने बताया की इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र,देवघर के निदेशक अरविंद मनोज कुमार सिंह, इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 के समन्वयक डॉ.ध्रूब ज्योति कुमार सिंह, सहायक समन्वयक डॉ.प्रमोद कुमार दास,डॉ. सिदाम सिंह मुंडा, साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सैयद रजा इमाम




रिजवी,तथा इग्नू अध्ययन केंद्र के परामर्शदाता प्रो कमल महावर,विजय मुखर्जी,मनीष सिन्हा,विनोद कुमार जायसवाल, अजय कुमार और डॉ.बीर कुमार केशरी उपस्थित रहे।इस अवसर पर जनवरी 2025 सत्र के नव नामांकित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैठक के दौरान अरविंद मनोज कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन की प्रक्रियाओं,अध्ययन सामग्री के उपयोग,एवं इग्नू के शैक्षणिक ढांचे के बारे में विस्तृत जानकारी दी।डॉ.ध्रूब ज्योति कुमार सिंह ने सत्रीय कार्य की महत्ता पर बल देते हुए छात्र-छात्राओं को प्रभावी अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और किसी भी प्रकार की शैक्षणिक समस्या के समाधान हेतु अध्ययन केंद्र से संपर्क करने का परामर्श दिया,विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम,परीक्षा प्रक्रिया,तथा परामर्श सत्रों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।बैठक का संचालन डॉ सिदाम सिंह मुंडा ने किया!

# मनरेगा की राशि से बागवानी को प्रोत्साहित करने की पहल तेज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में हमेशा बनी रहने वाली सुखाड़ की आशंका को दूर रखने और हरित क्षेत्र के विकास के लिए मनरेगा की राशि से बागवानी की योजना को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी इस दिशा में प्रयास तेज कर दिया गया है। पहले चरण में मनरेगा अंतर्गत पौधरोपण से जुड़े किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के विकास शाखा स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत पौधरोपण से जुड़े किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया।

रविवार को इस दिशा में किसानों ने पहल शुरू कर दी है। उप विकास आयुक्त ने किसानों को नर्सरी तैयार कर गुणवत्ता पूर्ण व अच्छी किस्मों का पौधरोपण करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि फलों की अच्छी गुणवता प्राप्त करने और अधिक उपज हासिल करने की दिशा में भी सफलता मिलेगी। मनरेगा अंतर्गत फलदार नर्सरी बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया था। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र से सटे चियांकी स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, प्रदान सीएसओ लंकेश कुमार ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी गई। उन्हें पौधा से ग्राफ्टिंग कर नया पौधा तैयार करने की विधि बताई गई। प्रशिक्षण में पूर्व से मनरेगा की बागवानी योजना से जुड़े 105 किसानों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुक प्रशिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षकों के अलावा मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम, तकनीकी सहायक संजीत कुमार, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा सहित प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पलामू में रसदार फलों यथा संतरा, नींबू, आंवला, आम, अमरूद आदि फलों की काफी संभावना है। इस दिशा में प्रशासन स्तर से पहल की जा रही है। दशकों पहले पलामू आंवला की खेती के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र रहा है। आम की खेती भी हाल के दिनों में काफी बढ़ी है।

### प्राचीन कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का मना वार्षिकोत्सव

**मेदिनीनगर :** शहर के रेड़मा चौक स्थित प्राचीन कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का 8वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। मंदिर कमेटी ने प्रबुद्ध लोगों का सहयोग लेकर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। पूजा पाठ में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ललन तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडित बिनय पांडेय के नेतृत्व में यजमान मुनि तिवारी सपत्नीक और सुनील तिवारी ने रुद्राभिषेक किया। भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर में महाकाल मंदिर की तर्ज पर भगवान भोलेनाथ का सिंगार प्रभात मिश्रा के परिवार की ओर से किया गया। लगातार आठ वर्षों प्रत्येक शनिवार की शाम 5 बजे से सुंदर कांड का पाठ उमा शंकर पांडेय और उनकी टीम करती है। प्रत्येक सोमवार को मंदिर कमेटी की ओर से रुद्राभिषेक करवाया जाता हैं। मंदिर की व्यवस्था में रघुनंदन प्रसाद, अजय शुक्ला, बीरन तिवारी, मुकेश तिवारी, सुशील आदि जुटे रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया सड़क सह गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखण्ड अन्तर्गत पुरुलियाडांगा ग्राम में आदिवासी टोला नासीर के घर से उ० क्र० प्रा.वि तक सड़क सह गार्डवाल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पाकुड़ विधानसभा के विधायक निसात आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया।उक्त योजना का निर्माण डीएमएफटी मद से होगा जिसका प्राक्कलित राशि- 53,91,508.45/ है।सड़क का शिलान्यास के दौरान विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा की सड़क सह गार्डवाल का निर्माण जनहित में काफी आवश्यक था,इसका निर्माण हो जाने से सम्पूर्ण ग्रामवासियों को बहुत सुविधा मिलेगी।गार्डवाल न होने के कारण स्कूल के बच्चों को स्कूल आने जाने में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।रोड व गार्डवाल का निर्माण हो जाने से स्कूल के बच्चों सहित सभी ग्रामीणों को आवागमन में इसका सुविधा मिलेगा।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,उप प्रमुख अब्दुल कादिर,अख्तारूल इस्लाम, विभागीय जुनियर इंजीनियर पनचन कुमार,हेमातूर रहमान, सकील,नेहाल अख्तर, जाकिर हुसैन, सिखावत,निर्मल बास्की साहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### हाथियों ने दीवार तोड़ी और फसलों को पहुंचाया नुकसान

**मरकच्चो:** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवों में हाथियों के झुंड का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेरहवा जंगल मे बसेरा बनाये हाथियों का झुंड जंगल से सटे गांवों में पंहुच कर खेतों में लगे जेठूआ फसल को बर्बाद करने के साथ साथ बाउंड्रीवाल झोपड़ी आदि को भी तोड़ रहा है। शनिवार को रात भी लगभग आठ बजे हाथियों का झुंड नादकरी पंहुच जमकर उत्पात मचाया। लगभग तीन दर्जन हाथियों के झुंड ने मो. आरफीन व मकबूल अंसारी के घर का बाउंड्रीवाल तोड़ दिया। साथ ही जुबैर अंसारी, शहजाद अंसारी, अनवर अंसारी, सहाबुन खातून, सितारा प्रवीण आदि के खेतों में लगे जेठूआ फसल को भी बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग आठ बजे हाथियों का झुंड गांव पंहुच कर उत्पात मचाना शुरू किया। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। लगभग ग्यारह बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा लेकिन देर रात हाथियों का झुंड पुनः गांव आ पंहुचा और सुबह में वापस जंगल की ओर लौटा। इस दौरान ग्रामीण रात भर दहशत में रहे। हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल में अभी भी बसेरा बनाये हुए है, जिससे जंगल से सटे गांवों के लोगों मे भय का माहौल है।

### अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर जब्त

जयनगर : थाना क्षेत्र में पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार ने भ्रमण के दौरान रविवार को कटहाडीह में अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर बराकर नदी से अवैध रूप से बालू लोड कर झुमरी तिलैया की ओर जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार ने ट्रैक्टर में बालू लोड देख ट्रैक्टर को रुकवाया। चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया। बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आए,जहां जिला खनन पदाधिकारी को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गर्मी परवान चढते ही सतगावां में पेयजल की समस्या सताने लगी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखंड इलाके में गर्मी का परवान चढ़ना शुरू हो गया है। लोगों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। भीषण गर्मी शुरू होते ही भूजल स्तर नीचे चले जाने से नदी तालाब सुखना शुरू हो गया है। इससे लोगों में पेयजल की समस्या देखी जा रही है। प्रखंड में कुल वोटर 70 हजार से अधिक है। जनसंख्या एक लाख से अधिक है। प्रखंड में कुल चापाकलों की संख्या 1525 है। इसमें 990 चालू है। 220 चापाकल बंद पड़े हैं। 55 आरआरपी, जिसका पाइप और अंदरूनी सामग्री खराब हो गया है। 25 एसआर जिसे नया बोरिंग करा कर चालू किया जाएगा।

130 चापाकल जिसका नट बोल्ट मरम्मति के बिना खराब है। ऐसे में गर्मी अधिक रहने के कारण लोगों को पेयजल के लिए एकमात्र चापानल पर ही निर्भर रहता है और चापानल स्थिति है कि लोगों को प्यास बुझाने में असमर्थ है। शिवपुर पंचायत के ग्राम सिहास में आज भी वहां की महिलाएं 500 मीटर से अधिक दूरी से कुआं से माथे पर पानी लेकर अपने दिनचर्या के कार्य के लिए इकट्ठा करती हैं। ग्राम राजाबर सुदूरवर्ती क्षेत्र कोठियार पंचायत के दूरस्थ स्थानों पर पानी समस्याएं है। ग्राम चांदडीह, नवाचक मुख मार्ग पर लगभग दो वर्षों से चापाकल खराब है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चापाकल बनाने को लेकर कहने पर यह चापाकल विभाग का नहीं है, कह कर टाल- मटोल कर दिया जाता है। चापाकल में सोलर चालित मोटर डाल दिया गया था, जो दो वर्षों से खराब है। मोटर को अभी तक संवेदक द्वारा नहीं बनाया गया है,जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

### जेजे कॉलेज में इग्नू के इंडक्शन मीट का आयोजन

**कोडरमा :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की अध्ययन केंद्र जगन्नाथ जैन कॉलेज में रविवार को इग्नू के इंडक्शन मीट का आयोजन किया। यह इंडक्शन मीट जनवरी 2025 सत्र के नामांकित छात्र- छात्राओं के लिए हुआ। बैठक में इग्नू के समन्वयक प्रो शाहिद अली, डॉ सीमा सिन्हा, डॉ सुनील दत्ता, डॉ पवन कुमार, प्रो गरिमा सिन्हा, प्रो तृप्ति बाला, डॉ मुकेश कुमार,क्रांति सिंह ने इग्नू की भूमिका, विभिन्न पाठ्यक्रम, असाइनमेंट, परीक्षा संबंधी समेत अन्य विषयों पर छात्र- छात्राओं को जानकारी समझा किया। साथ ही छात्र- छात्राओं को मार्गदर्शन किया। इसमें इग्नू में नामांकित छात्र- छात्राओं द्वारा जो भी कोर्स संबंधित सवाल थे, उन्हें उपस्थित काउंसलर्स ने संतोषजनक जवाब दिया। अध्यक्षता इग्नू की समन्वयक डॉ निकहत परवीन और संचालन रीतेश माधव ने किया।

## सीपीएम ने भारत- पाक के बीच सीजफायर का किया स्वागत

**कोडरमा :** भारत- पाक में तनाव के बीच दोनों देशों द्वारा सीजफायर की घोषणा का सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध विराम की घोषणा अच्छी और स्वागतयोग्य कदम है। लेकिन अमेरिका द्वारा इसके लिए की गयी मध्यस्थता की खबर चिंताजनक है। आजादी के बाद से लेकर आज तक चाहे कश्मीर का सवाल हो या पाकिस्तान अथवा किसी भी और देश के साथ सीमा विवाद का प्रश्न भारत की यह नीति रही है कि वह किसी भी तीसरी शक्ति के हस्तक्षेप या भूमिका को स्वीकार नहीं करेगा। पहलगाम के जघन्य और निंदनीय आतंकी हमले के बाद की घटना विकास में अमेरिका द्वारा चौधरी बनने की कोशिश इस नीति के विपरीत है।

प्रधानमंत्री को इस बारे में स्थिति साफ करना चाहिए। भारत की जनता अमेरिकी मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमले के मुजरिमों को सजा दिलाने के लिए पूरा देश एकजुट है। सारे विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे पर पूरी तरह सरकार का साथ दिया। लेकिन केंद्र सरकार इसके प्रति गंभीर नहीं है। आतंकवाद के मुद्दे पर दो बार सर्वदलीय बैठक हुई। लेकिन दोनों बैठकों में प्रधानमंत्री का अनुपस्थिति रहना, सरकार की गंभीरता को कम करता है। यह गैरजिमेदारी की बात है कि देश पर इतने गंभीर संकट और हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल होने और देश की अगुआई करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की चुनावी सभा में भाग लेना जरूरी समझा। जबकि दूसरी बैठक में भी शामिल होने के बजाय वे अन्य व्यावसायिक घरानों के समारोहों में शामिल होने में अपनी प्राथमिकता को दशार्या।

### टेंपो पलटने से एक की मौत चार घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अतर्गत जिलेबिया घाटी हनुमान मंदिर के समीप लगभग 9:30 बजे सोमवार को टेंपो पलटने से एक महिला यात्री की मौत हो गई। वही स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना का सूचना जिरवाबाड़ी थाना पभारी को दिया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने बल दल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मृत महिला को अपने कब्जे मे लेकर जिला सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बोरियों प्रखंड क्षेत्र के बोरिया बाग मंडी से टेंपो पर सवारी लोड कर टेंपो चालक साहिबगंज की ओर आ रहा था। इसी क्रम में जिलेबिया घाटी के नजदीक आनियंत्रित होकर पलटने से दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है। जबकि मृत महिला का शव घटनास्थल से पुलिस अपने कब्जे में लेकर महिला की पहचान करने में जुट गई है।

# नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है। नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे।

### अन्य दो भारतीय एथलीट्स का ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन

इस बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं।

नीरज और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। मैदान में दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), 2024 के विजेता याकुब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर और मैक्स डेनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (केन्या) और रोडरिक डीन (जापान) जैसे दिग्गज होंगे।



# रियल मैड्रिड को हराकर ला लीगा खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

**बार्सिलोना :** ला लीगा में रविवार को खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 4-3 से हराकर खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने तालिका में मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है और अब सिर्फ तीन मैच बाकी हैं।

### मबाप्पे की हैट्रिक पर भारी पड़ा बार्सिलोना का जज्बा

रियल मैड्रिड की ओर से किलियन मबाप्पे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई, लेकिन बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा के दो गोल और लामिन यमाल व एरिक गार्सिया के एक-एक गोल ने मैच का पासा पलट दिया। चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद यह मैच बार्सिलोना के लिए ह्यकरो या मरोह्य जैसा था, लेकिन कोच हैंसी फिलक की टीम ने शानदार वापसी करते हुए चौथे क्लासिको में भी जीत दर्ज की।

### मबाप्पे ने दिलाई शुरूआती बढ़त

रियल मैड्रिड ने दमदार शुरूआत की और महज चौथे मिनट में मबाप्पे ने पेनल्टी पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। यह पेनल्टी तब मिली जब गोलकीपर वोज्शेच शेचनी ने मबाप्पे को गिराया, हालांकि बार्सिलोना ने ऑफसाइड की मांग की थी। 14वें मिनट में मबाप्पे ने दूसरा गोल किया, जिससे मैड्रिड ने 2-0 की बढ़त ले ली। यह उनका 26वां लीग गोल था, जिससे उन्होंने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्कोरर बन गए।

### राफिन्हा की जोड़ी और यमाल का जलवा

मैड्रिड की बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं सकी। राफिन्हा ने दो मिनट बाद ही गोल दागा, फिर पहले हाफ के अंतिम क्षणों में उन्होंने लुकास वाजक्वेज से गेंद छीनकर दूसरा गोल भी कर डाला। लामिन यमाल ने भी मैच में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने एक गोल भी किया, जबकि एक हैडर पर राफिन्हा को शानदार क्रॉस दिया जो गोल में तब्दील नहीं हो सका।

### मबाप्पे की तीसरी बार कामयाबी, पर जीत नहीं दिला सके

दूसरे हाफ में मबाप्पे ने विनीसियस जूनियर की सहायता से तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी की, लेकिन बार्सिलोना की डिफेंस और मिडफील्ड ने इसके बाद कोई बड़ी चूक नहीं की।

# आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025: किन्नन चेनाई-सबीरा हारिस ने ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ओलंपियन किन्नन चेनाई और 18 वर्षीय सबीरा हारिस की जोड़ी ने साइप्रस के निकोसिया में आयोजित आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप 2025 में ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

### तुर्की को दी कांटे की टक्कर

कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने तुर्की की टीम – टोल्गा टंसर और रुमेया काया – को 34-33 के करीबी अंतर से हराया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भारत ने 142 अंक बनाए थे और चीनी ताइपे की टीम (वान-यू लियू और कुन-पी यांग) को शूट-ऑफ में 4-2 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल मैच में प्रवेश किया।



### सबीरा का शानदार प्रदर्शन

18 वर्षीय सबीरा हारिस ने क्वालिफिकेशन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 75 में से 72 शॉट्स लगाए, जबकि 34 वर्षीय अनुभवी किन्नन चेनाई ने 70 शॉट्स पूरे किए। सबीरा इससे पहले भी जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शार्दूल विहान के साथ मिक्स्ड ट्रैप इवेंट में मेडल जीत चुकी हैं।

### गोल्ड मुकाबले से चूकी तुर्की की टीम

दिलचस्प बात यह रही कि तुर्की की टीम गोल्ड मेडल मुकाबले में जगह बनाने से भी चूक गई। वे दूसरे स्थान पर रही चीन की जोड़ी झांग ज़िक्सी और क्वी यिंग से शूट-ऑफ में 1-2 से हार गए, जबकि पोलैंड की टीम ने 146 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### दूसरे भारतीय दल का औसत प्रदर्शन

भारत की दूसरी टीम जिसमें शार्दूल विहान (72) और कीर्ति गुप्ता (65) शामिल थे, ने कुल 137 अंक बनाए और 34 टीमों में 17वें स्थान पर रही।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नास्त्र सऊदी प्रो लीग के खिताबी दौड़ से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई वाली अल नास्त्र टीम को सऊदी प्रो लीग खिताब के लिए अब अगले सीजन तक इंतजार करना होगा। रविवार को मिली ताजा हार के बाद टीम 2024-25 सीजन के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है। अब एएफसी चैंपियंस लीग एलीट में क्वालीफाई करना ही उसका प्रमुख लक्ष्य रह गया है।

### अल इत्तिहाद की जीत ने तोड़ी अल नास्त्र की उम्मीदें

लीग में टॉप पर चल रही अल इत्तिहाद ने करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से अल फैहा को 3-0 से हराकर अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया। 31 मैचों के बाद इत्तिहाद के 74 अंक हो चुके हैं, जबकि अल नास्त्र अधिकतम 72 अंक ही हासिल कर सकती है। इस तरह वह खिताब की दौड़ से बाहर हो गई है। गौरतलब है कि अल नास्त्र ने पिछली बार 2018-19 सीजन में सऊदी प्रो लीग खिताब जीता था। इसके बाद अल हिलाल ने चार बार और इत्तिहाद ने एक बार खिताब पर कब्जा



जमाया है। 2024-25 एएफसी टूर्नामेंट के अनुसार, सऊदी प्रो लीग की शीर्ष तीन टीमें एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके अलावा, किंग्स कप का विजेता एएफसी चैंपियंस लीग टू (एसीएल 2) में जाएगा, जो एशिया की द्वितीय श्रेणी की प्रतियोगिता है। अगर किंग्स कप विजेता पहले से लीग की टॉप-3 में है, तो चौथे स्थान की टीम को एसीएल 2 का टिकट मिलेगा। इस साल के किंग्स कप फाइनल में पहुंची अल इत्तिहाद और अल कदीसिया दोनों ही लीग की टॉप तीन की दौड़ में हैं। ऐसे में अगर इनमें से कोई एक कप जीतता है और लीग में भी टॉप-3 में रहता है, तो चौथे स्थान वाली टीम एसीएल 2 में पहुंचेगी।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने दिखाया असली रंग

## हिंदुस्तान की स्ट्राइक से बौखलाकर कही ऐसी बात

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया। अब इस पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने अपने अंदर के नफरती जहर को उगला है। 15 दिन पहले पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर आतंकी हमला किया था, जिसमें 26 भारतीय मासूमों की जान चली गई थी। अब भारत ने जवाबी कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है, इस ऑपरेशन की सराहना पूरा देश कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तानियों को यह घटना रास नहीं आ रही है, जिस कड़ी में पाक एक्ट्रेस माहिरा खान का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ अपना जहर उगला है।

### ➢बिना किसी सबूत के पाकिस्तान को ठहराया गलत

पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसका स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उनकी नफरत भरी मानसिकता देखी जा सकती है। उन्होंने लिखा कि वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे देश में रहती हैं, जहां उन्हें अपनी बात कहने के लिए रोका नहीं जाता। आगे उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बिना सबूत के गलत ठहराया जाता है। इसके अलावा उन्हें भारत द्वारा की गई यह कार्रवाई पसंद नहीं आई, इसकी एक्ट्रेस ने निंदा की है।

### ➢भारत नफरत की बात करता है

अभिनेत्री माहिरा खान नफरत के जहर में इस कदर डूबी हुई हैं कि वो इतने पर भी नहीं रुकी। उन्होंने आगे अपनी स्टोरी में लिखा कि भारत देश सालों से नफरत और युद्ध की बातें करता रहा है, जिसे उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि भारत की मीडिया बांटने का काम करती है। साथ ही उन्होंने जहर उगलते हुए कहा कि भारत की सबसे शक्तिशाली आवाज हमेशा नरसंहार और युद्ध के वक्त चुप रहती है, जो दिखाती है कि वो कानून के कारण नहीं बल्कि डर से चुप हैं। ये भारत की जीत नहीं, बल्कि सबसे बड़ी हार है।

### ➢एक्ट्रेस ने कहा- शर्म आनी चाहिए

माहिरा खान इस तरह बिलबिलाई हुई हैं कि उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है कि वो क्या बोल रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि भारत आधी रात को शहर पर हमला करता है और कहता है कि वह जीत गया, शर्म आनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उकसावे में ना आए और शांति बनी रहे।



बोमन के बाद

# 'तन्वी द ग्रेट' में जैकी श्रॉफ की एंट्री, अनुपम ने दिखाई 'ब्रिगेडियर जोशी' की झलक



**निर्देशक**, अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में रिलीज़ को तैयार है। इस बीच खेर सोशल मीडिया पर आए दिन पोस्ट शेयर कर कभी कहानी तो कभी कलाकारों से दर्शकों को रूबरू करा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि अभिनेता जैकी श्रॉफ भी फिल्म का हिस्सा हैं। अनुपम खेर ने जैकी के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ किरदार से भी पर्दा उठाया। इंस्टाग्राम पर जैकी श्रॉफ के पोस्टर के साथ अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, 'तन्वी द ग्रेट' के एक्टर्सज मेरे दोस्त जैकी श्रॉफ मेरे भाई जैसे हैं। हमने न केवल कई फिल्मों में साथ काम किया, बल्कि हम रिश्तेदार भी हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि उनकी पत्नी आयशा श्रॉफ मुझे 30 साल से भी ज्यादा समय से राखी बांधती आ रही हैं। जैकी के पास गोल्डन हार्ट है। उनका दूसरा नाम प्यार कह सकते हैं। खेर ने जैकी से जुड़े एक किस्से को भी सुनाया। उन्होंने लिखा, एक दिन जैकी मेरे घर अचानक आ गए। उन दिनों मैं फिल्म के किरदारों पर काम कर रहा था और मैंने 'तन्वी द ग्रेट' की कास्टिंग नहीं की थी! घर पर आए जैकी को मैंने कुछ रिकॉर्ड किए गाने सुनाए। जिन्हें सुनने के बाद वह काफी देर तक चुप रहे, फिर उन्होंने मुझे गले लगा लिया और कहा, मेरे बिना यह फिल्म मत बनाना। फिल्म में जैकी श्रॉफ के किरदार का जिक्र करते हुए खेर ने बताया, ब्रिगेडियर जोशी का किरदार भारतीय सेना अधिकारी की तरह है। वह मजबूत, निर्णायक और फिर विनम्र है। उनके किरदार को वर्षों याद रखा जाएगा! निस्वार्थ दोस्ती और शानदार अभिनय के लिए धन्यवाद श्रॉफ।

# तमन्ना भाटिया की ओडेला 2 की ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एंट्री

**तमन्ना** भाटिया की फिल्म ओडेला 2 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं कि इसका कलेक्शन दमदार होगा, लेकिन यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई और बॉक्स ऑफिस पर घाटे में रही। अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे रही है। फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया है। अमेजन प्राइम पर यह हिंदी और तमिल भाषा में उपलब्ध है। अमेजन प्राइम ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा, वह प्रचंड है, वह अजेय है, वह शिव शक्ति है। पोस्ट के आगे ओडेला 2 ऑन प्राइम का हैशटैग भी जोड़ा गया। फिल्म में हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन सिम्हा, सुरेंद्र रेड्डी, नागा महेश, वुवा, वामशी, भूपाल, गगन विहारी और पूजा रेड्डी ने भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं निर्देशन की कमान अशोक तेजा ने संभाली है। इसे संपत नंदी ने लिखा है। ओडेला 2 साल 2022 में आई फिल्म ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में तमन्ना भाटिया एक शिव भक्त की भूमिका में हैं, जो बुराई का सफाया करती हैं। फिल्म की कहानी ओडेला नामक एक पिछड़े गांव की है। यह गांव अपने रहस्यमय और आध्यात्मिक माहौल के लिए जाना जाता है, लेकिन क्रूर हत्याएं इस शांतिपूर्ण गांव को हिला देती हैं।




## भूल चूक माफ के निर्देशक बोले-

# मैंने सिर्फ बुनियाद तैयार की, जान तो राजकुमार-वामिका ने ही डाली



राजकुमार राव और वामिका गब्बी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ काफी चर्चा में है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया और वे इसे देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। फिल्म के निर्देशक करण शर्मा ने आईएएनएस से बात करते हुए राजकुमार और वामिका के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनकी वजह से फिल्म में जान आ गई। उनकी एक्टिंग और मौजूदगी ने फिल्म को और भी बेहतर और खास बना दिया। आईएएनएस से बात करते हुए निर्देशक ने कहा, जब मैंने कहानी लिखी, तब मैंने केवल उसकी बुनियाद तैयार की थी। लेकिन उस पर जो गहराई और बाकी खूबसूरत चीजें जुड़ीं, वो राजकुमार और वामिका समेत फिल्म में मौजूद कलाकारों की वजह से हुआ। निर्देशक, अभिनेता और पूरी टीम का यह संयुक्त प्रयास है। करण ने आगे कहा, फिल्म सिर्फ एक इंसान की मेहनत से नहीं बनती। जब पूरी टीम मिलकर, एक सोच और एक लक्ष्य पर काम करती है, तभी रिजल्ट अच्छा आता है। सिर्फ एक इंसान कहे कि मैंने सब किया, यह सही नहीं होता। अगर कलाकारों ने अपनी मेहनत और योगदान न दिया होता, तो यह फिल्म वैसी नहीं बन पाती जैसी बनी है। जब वामिका से पूछा गया कि रोमांटिक फिल्म इतनी लोकप्रिय क्यों है, तो इस पर वामिका ने आईएएनएस से कहा, ये सब प्यार की बात है। प्यार ही वो चीज है जो पूरी दुनिया को जोड़ने का माद्दा रखता है। ये फिलिंग्स इंसान को अंदर से अच्छा महसूस कराती हैं। इसलिए रोमांटिक फिल्में सबको पसंद आती हैं, क्योंकि उनमें वो प्यार दिखता है जो हर किसी ने कभी न कभी महसूस किया है। ट्रेलर के मुताबिक, फिल्म की कहानी बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में राजकुमार राव ने रंजन और वामिका गब्बी ने तितली का किरदार निभाया है।

# मां की सच्ची जिम्मेदारी बच्चों को जिंदगी के लिए तैयार करना है- भाग्यश्री

**मां** बनना दुनिया का सबसे खास एहसास है। मां और बच्चे का रिश्ता शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इस रिश्ते को सेलिब्रेट करने के लिए हर साल मदर्स डे मनाया जाता है। इस साल यह दिन 11 मई को मनाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनकी पुरानी तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

इन दिनों भाग्यश्री पति और बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर फैमिली फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनके दोनों बच्चे, बेटा अभिमन्यु और बेटी अवंतिका, भी काफी क्यूट नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने अवंतिका को गोद में उठाया हुआ है, जबकि अभिमन्यु बाइक पर बैठे दिख रहे हैं। लुक की बात करें तो भाग्यश्री ने ब्लैक टॉप पहना हुआ है और आखों पर सनग्लासेस हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा- ÷मदर्स डे से एक हफ्ते पहले। मेरे



बच्चे मेरी पूरी दुनिया हैं और उनके लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं। लेकिन अगर सच में मैं ऐसा करूं, तो मैं एक अच्छी मां नहीं बन पाऊंगी। बच्चों की हर जरूरत को पूरा करना जरूरी नहीं है। मां की सच्ची जिम्मेदारी है उन्हें जिंदगी के लिए तैयार करना। बच्चों को आत्मनिर्भर बनना सिखाना चाहिए, ताकि वे अपनी गलतियों से सीखें, गिरें और खुद उठें, मुश्किलों से लड़ें और ज़रूरतमंदों की मदद करें। जब बच्चा चलना सीखता है, तो हम उसकी उंगली पकड़ते हैं। लेकिन अगर हमें उन्हें दौड़ते हुए देखना है, तो हमें उंगली छोड़नी होगी। सिर्फ उनकी जरूरतें पूरी करना ही प्यार नहीं है, बल्कि उन्हें जीने का तरीका सिखाना असली ममता है। आज की दुनिया बिलकुल जंगल जैसी चुनौतीपूर्ण है। यहां सिर्फ वही टिकता है जो लड़ना जानता है और इसके लिए जरूरी है कि आपके बच्चे लायन किंग बनें। इससे पहले भाग्यश्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनके पति हिमालय दासानी ने एक्ट्रेस के नाम की मेहंदी अपने हाथों में लगवाई हुई थी।

भाग्यश्री ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो को देख साफ प्रतीत होता है कि यह किसी शादी का है, जिसका हिस्सा दोनों बने हैं। एक्ट्रेस अपने पति हिमालय के हाथ पर लगी मेहंदी को कैमरे की ओर दिखा रही हैं। यह रोमांटिक पल उन्हें कितना पसंद आ रहा है, इसका अंदाजा आप उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट से लगा सकते हैं। खुशी के चलते उनका चेहरा खिल उठा है। इस वीडियो को शेयर करते हुए भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, मेहंदी लगाके रखना! शादियों में डेट नाइट्स। एक्ट्रेस ने वीडियो के बैकग्राउंड में शाहरुख खान और काजोल की फिल्म दिलवाले दुल्हिनयां ले जाएंगे का गाना मेहंदी लगाके रखना जोड़ा।

# वंचितों को आवास और जरूरतमंदों को मुहैया कराएं इलाज : सीएम योगी

अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री, हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी

**गोरखपुर :** गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार सुबह जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है लिहाजा हर समस्या को संवेदनशीलता से देखा जाएगा और जरूरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान आवास की गुहार लेकर तथा इलाज में सहायता की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया और



अधिकारियों से कहा कि आवास से वंचित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए एवं जरूरतमंदों के इलाज में धन की बाधा न आने दी जाए। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किन्हीं कारणों से जो भी पात्र लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें योजना के दायरे में लाकर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

## चलती कार बनी आग का गोला, चालक ने चलती कार से कूदकर बचाई जान



एजेंसी

**झांसी :** सदर बाजार थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात यूनियन रेडियो के पास एक चलती कार में पहले धुआं उठा और फिर अचानक आग लग गई। कार का चालक चलती कार से कूदकर भागा और अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार धुआं का गुब्बार बन गई। और फिर आग की लपटों में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शी पुनीत अग्रवाल ने बताया कि करीब साढ़े 9 बजे यूपी 15 एएक्स 2907 हुंडई कार सदर बाजार के चैराहे को पार करते हुए यूनियन रेडियोज के सामने ही पहुंची थी कि उसके इंजन से धुंए का गुबार उठने लगा। यह देख चालक चलती कार से नीचे कूद गया। धुंआ छटता इससे पहले ही कार धू-धूकर जल उठी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। कार के नंबर के आधार पर उसे मेरठ का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस रात में कार चालक को ढूढ़ने में जुटी रही। जो अपनी गाड़ी को पूरी तरह जला हुआ मानकर वहां से भाग खड़ा हुआ था। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा था।

## बलरामपुर : अवैध रेत उत्खनन रोकने गए आरक्षक पर ट्रैक्टर से माफिया ने किया हमला, जवान की मौत

एजेंसी

**बलरामपुर :** बलरामपुर जिले के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के गृह ग्राम सनवाल में रेत माफिया का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि पेट्रोलिंग में गए आरक्षक को रेत उत्खनन कर रहे माफियाओं ने ट्रैक्टर से टक्कर मार हत्या कर फरार हो गया। मामले के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। जांच के लिए रामानुजगंज एसडीओपी समेत चार से पांच थाने की पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात जंगल की जमीन में अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग और पुलिस की टीम ग्राम पुष्फर में पहुंची और आगे की कार्रवाई कर रही थी। इसी बीच देर रात करीब 1.30 बजे पुलिस को सूचना मिली की, ग्राम लिबरा के कन्हर नदी से झारखंड के माफिया अवैध रेत उत्खनन कर रहे है। जिसके बाद चार पुलिस



की टीम रेत माफिया को पकड़ने के लिए रवाना हुई। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला तीन ट्रैक्टर से माफिया रेत उत्खनन कर रहे थे। पुलिस को देख सभी रेत माफिया अपनी अपनी ट्रैक्टर को लेकर भागने लगे। तभी एक ट्रैक्टर को रुकवाने के दौरान आरक्षक शिव बच्चन सिंह (43 वर्ष) के ऊपर रेत माफिया ने ट्रैक्टर से टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शिव बच्चन सिंह सनवाल थाने में बीते तीन वर्षों से आरक्षक के पद पर पदस्त थे। पुलिस शव का पंचनामा कर रामानुजगंज सौ बिस्तर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दी है।

इस घटना को लेकर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। इधर, एसडीओपी बाजीलाल समेत चार से पांच थाने की पुलिस टीम आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए रवाना हुई है। वहीं पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर ने बताया कि, फिलहाल इस मामले में जांच चल रही है। जांच के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी कुछ भी बताना संभव नहीं है।

मुंबईकरों को बड़ी राहत

## यातायात के लिए खुला गोखले ब्रिज

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले गोपाल कृष्ण गोखले रेलवे ब्रिज के दूसरे हिस्से को रविवार को यातायात के लिए खुला कर दिया गया। इस नए पुल से ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री व मुंबई उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में सांसद रवींद्र वायकर, विधायक अमित साटम, मुरजी पटेल, अतिरिक्त मनपा आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शेलार ने कहा कि ब्रिज का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है। यह इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण है। इस पुल से सांताक्रूज और गोरेगांव के बीच यातायात में सुधार होगा। इसके खुल जाने से मुंबई के विकास की गति चार गुना बढ़ जाएगी। यह नया पुल यातायात की भीड़ को कम करेगा और लोगों को सुरक्षित, तेज और सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा. सांसद वायकर ने कहा कि अंधेरी में उषा नाला और विल्सन टॉकीज को जोड़ने के लिए एक नया फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए एक सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मढ़-मार्वे पुल का काम भी शुरू किया जाना चाहिए। विधायक साटम ने आरोप लगाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में मुंबई मनपा की अक्षमता और अस्पष्टता के कारण पुल के काम में देरी हुई। जुलाई 2018 में गोखले ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मनपा ने ढहे हुए क्षेत्र के पुनर्निर्माण पर विचार करना शुरू किया। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बीएमसी प्रशासन ने 20 महीने की देरी के बाद मार्च 2020 में कार्य आदेश जारी किया। पुराने पुल को तोड़ने का काम जनवरी 2023 में शुरू हुआ और नए पुल का निर्माण मार्च 2023 में शुरू हुआ। अतिरिक्त मनपा आयुक्त बांगर ने कहा कि गोखले ब्रिज का काम 30 अप्रैल 2025 तक पूरा करने की योजना थी. लेकिन लोहे की बीम लगाने के काम में कुछ समय लग गया। कई चुनौतियों और रुकावटों के बावजूद परियोजना निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। मनपा के ब्रिज विभाग ने मानसून से पहले 3 फ्लाईओवर खोलने की योजना बनाई थी। गोखले ब्रिज खुल चुका है। विक्रोली ब्रिज को 31 मई 2025 तक और कर्नाक ब्रिज 10 जून 2025 तक यातायात के लिए खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**भोपाल :** सोमवार को वैशाख मास की पूर्णिमा पर पूरे देश में महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। यह शुभ दिन बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान और मृत्यु का प्रतीक है, और बौद्ध संप्रदायों द्वारा बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा बुद्धं शरणं गच्छामि। धम्मं शरणं गच्छामि।। बुद्ध पूर्णिमा की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्व को शांति, अहिंसा एवं त्याग की दिशा दिखाकर मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाले भगवान बुद्ध जी के संदेश अनंतकाल तक हमें प्रेरणा देते रहेंगे। आपके चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल :** आज यानी सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस है। बीमार के इलाज में डॉक्टर और दवाओं के साथ-साथ नर्सेस का भी योगदान कम नहीं होता है। उन्हें ही सम्मान दिलाने के मकसद से दुनियाभर में हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा क्लशीप१ल्लं३इल्लं' ठ४१२ी२ ऊं८ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के अद्भुत समर्पण से प्रेरित यह कार्य साक्षात ईश्वर की सेवा है। पीड़ितों की सेवा के लिए आप सभी नर्स की आत्मीयता सदैव वंदनीय है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार 25 गौवंशों की हुई बरामदगी

एजेंसी

**मीरजापुर :** जनपद की अहरौरा पुलिस ने गौ-तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के खोरिया जंगल मोहाल में हुई मुठभेड़ के दौरान दो शातिर गो-तस्कर पुलिस की गोली से घायल हो गए और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में अशोक कुमार राजभर, निवासी रामगढ़, भभुआ (बिहार), और मनोज कुमार यादव, निवासी मीरापुर, अहरौरा (मीरजापुर) शामिल हैं। मुठभेड़ में अशोक को बाएं पैर में तथा मनोज को दाहिने पैर में गोली लगी, जिन्हें पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाया। दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके से 25 गोवंश, दो अवैध तमंचे (.315 बोर), दो खोखा कारतूस और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ओपी सिंह और क्षेत्राधिकारी (ऑपरेशन) के नेतृत्व में अहरौरा पुलिस द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अहरौरा थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शुरूआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी

# सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने का असर आज घरेलू शेयर बाजार में साफ-साफ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत जोरदार मजबूती के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद से ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है, जिसके कारण सुबह 10 तक ही ये दोनों सूचकांक लगभग तीन प्रतिशत की मजबूती हासिल कर चुके थे। हालांकि इसके बाद हुई मुनाफावसूली के कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 2.82 प्रतिशत और निफ्टी 2.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, जियो फाइनेंशियल, अडाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 6.53



प्रतिशत से लेकर 4.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, सन फार्मास्युटिकल्स और सिप्ला के शेयर क्रमशः 4.69 प्रतिशत और 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,530 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,349 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 181 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 29 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सिर्फ एक शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहा था। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 48 शेयर हरे निशान में और सिर्फ दो शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 1,349.33 अंक की जोरदार छलांग लगा कर 80,803.80 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी का रुख बन गया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब यह सूचकांक 2,376.18 उछल कर 81,830.65 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद हुई मामूली मुनाफा वसूली के कारण इस सूचकांक की चाल में कुछ देर के लिए गिरावट का रुख भी बनता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 2,236.96 अंक की तेजी के साथ 81,691.43 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में आज 412.10 अंक उछल कर 24,420.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक यह सूचकांक 700 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 24,737.80 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली के दबाव में इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 688.55 अंक की तेजी के साथ 24,696.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 880.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,454.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,008 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पंडित रघुनाथ मुर्मू को दी श्रद्धांजलि, उनके योगदान को बताया स्मरणीय

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ह्यअलचिकीह्न लिपि के आविष्कारक और प्रख्यात भाषाविद् पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर उन्होंने संथाली समाज के लिए रघुनाथ मुर्मू के अवदान को ह्नहमारा गर्वह्न बताया और कहा कि उनकी सरकार ने ही सबसे पहले उनके जन्मदिन पर राजकीय अवकाश घोषित किया था। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लिखा, ₹प्रथितयशा भाषातत्त्वविद् एवं 'अलचिकी' लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू के जन्मदिवस पर मैं उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह हमारा गर्व है कि हमारे संथाल भाई-बहनों के लिए उनके असाधारण योगदान को मान्यता देते हुए हमारी सरकार ने ही सबसे पहले उनके जन्मदिन को राजकीय अवकाश घोषित किया था। इस अग्रणी पहल को अब अन्य स्थानों पर भी अपनाया जा रहा है। हमने उनके नाम पर एक कॉलेज की स्थापना भी की है। मैं एक बार फिर उन्हें सादर नमन करती हूं।₹

### पंडित रघुनाथ मुर्मू का योगदान

पंडित रघुनाथ मुर्मू (1905-1982) संथाली भाषा और साहित्य के एक महान पुरोधा थे। उन्होंने संथाली भाषा के लिए 'ओलचिकी' नामक स्वतंत्र लिपि का सृजन किया, जिससे संथाली भाषा को अपनी एक विशिष्ट पहचान मिली। उनके इस कार्य ने न केवल भाषा को संरक्षित किया, बल्कि संथाली समुदाय को सांस्कृतिक स्वाभिमान भी प्रदान किया। उन्होंने कई पुस्तकें, नाटक और साहित्यिक कृतियां लिखीं, जिनमें ₹धरम पाहा,₹ ₹सिंगार बेगुन₹ जैसी रचनाएं प्रमुख हैं। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया है और उनके नाम पर कॉलेज की स्थापना कर उनके योगदान को अमर बनाने का प्रयास किया है।

### मायके जा रही महिला की सड़क पर गिरने से मौत

**मीरजापुर :** रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में मायके जा रही महिला की मौत हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के नदनी गांव में यह हादसा उस समय हुआ जब सुशीला देवी (55), पत्नी दूधनाथ निवासी मगरदा कला थाना विंध्याचल, अपने पुत्र मुकेश के साथ मोटरसाइकिल से अपने मायके नदनी गांव जा रही थीं। रात करीब 8 बजे जब वे अपने मायके के गांव के पास पहुंचीं, तो गांव से लगभग 500 मीटर पहले सड़क पर बने ब्रेकर से मोटरसाइकिल असंतुलित हो गई। इससे सुशीला देवी सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रात 10 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि सुशीला देवी अपने भतीजे के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए मायके जा रही थीं। इस घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### वरिष्ठ पत्रकार के विक्रम राव का निधन

**लखनऊ :** वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.विक्रम राव का आज प्रातः लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्हों सांस संबंधी तकलीफ के कारण आज सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। डॉ. राव पत्रकारिता में दशकों से सक्रिय रहे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा। उनके पार्थिव शरीर को 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट, निकट कांग्रेस कार्यालय, मॉल एवेन्यू, लखनऊ में अंतिम दर्शनार्थ रखा गया है।

### होमेन बरगोहाईं को सीएम सरमा की श्रद्धांजलि, कहा- मानवीय संवेदना की प्रतिमूर्ति थे

**गुवाहाटी :** असम के प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार एवं कथाशिल्पी होमेन बरगोहाईं की स्मृति में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹होमेन बरगोहाईं का असाधारण व्यक्तित्व मुझे हमेशा आकर्षित करता रहा। उनके रचनात्मक सुझाव मेरे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे। वे एक ऐसे महान असमिया थे, जिनकी लेखनी में समाज के विविध पहलू प्रतिबिंबित होते थे। उन्होंने कहा कि बरगोहाईं ने जीवन के गहन अर्थ को प्रकट कर मानवीय संवेदना की जीवंत तस्वीर हमारे सामने रखी। उनके आदर्श और कार्य हमें आगे भी प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री सरमा ने विश्वास जताया कि समाज उनके विचारों को जीवंत रखने का प्रयास अवश्य करता रहेगा। साहित्यकार एवं पत्रकार होमेन बरगोहाईं का जन्म 7 दिसंबर, 1932 में हुआ था, उनका निधन गुवाहाटी में 12 मई, 2021 को हुआ था।

### मेघालय में भयंकर भूस्खलन, एनएच-6 पर यातायात पूरी तरह बाधित

**ईस्ट जयंतिया हिल्स (मेघालय) :** ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में सोमवार तड़के हुए एक भीषण भूस्खलन के कारण 6 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। यह भूस्खलन सिलचर-शिलांग राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया है। इस मार्ग के बंद होने से बराक घाटी समेत मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे पूर्वोत्तर राज्यों से संपर्क टूट गया है। राजमार्ग पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन स्थिति को सामान्य करने के लिए राहत कार्य में जुटा हुआ है और रास्ता खोलने के प्रयास तेजी से जारी हैं। जिला प्रशासन ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

### मतगणना के बीच हादसा, तैनात पुलिस कांस्टेबल की अचानक मौत

**धुबड़ी :** बिलासीपाड़ा अनुमंडल अधिकारी कार्यालय के मतगणना केंद्र पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृत कांस्टेबल की पहचान श्यामल चंद्र राय के रूप में हुई है। वह रात में ड्यूटी पर थे और उसी दौरान अचानक अस्वस्थ होकर गिर पड़े। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। श्यामल राय चापर थाना में पदस्थापित थे।

न्यूज ब्रीफ

## कोल्हान आयुक्त के पद पर अब तक नहीं हुआ है किसी का पदस्थापना



**ज्योति पाठक :** राज्य का पांचव प्रमंडल कोल्हान इन दिनों आयुक्त विहीन है। 30 अप्रैल को कोल्हान के 25 वें आयुक्त हरि कुमार केसरी सेवानिवृत्त हो गये इनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात अबतक यह पद रिक्त है। आयुक्त के नहीं रहने से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहें हैं साथ ही साथ आयुक्त के न्यायालय संबंधित कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। विदित हो कि कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत तीन जिला पश्चिम सिंहभूम चाईबासा, सराईकेला खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम समाहित हैं साथ ही साथ 14 विधानसभा तथा 2 लोकसभा के साथ साथ आंशिक लोकसभा के रूप में खूंटी संसदीय क्षेत्र का खरसावां विधानसभा एवं रांची संसदीय क्षेत्र का ईंचागढ़ मुख्य रूप से शामिल है।

## शिव मंदिर में हुआ रूद्राभिषेक के साथ विशेष पूजा अर्चना



**चक्रधरपुर :** लोको स्थित राम मन्दिर में आज बैशाख पुर्णिमा के अवसर पर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक के साथ साथ मंदिर के पुजारी नित्यानंद पांडेय के द्वारा भोले बाबा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। इस अवसर पर पूजा में शामिल निखिल सिंह एवं रूद्र नारायण सिंह ने मंदिर के पुजारी नित्यानंद पांडेय के द्वारा कराए गए विशेष पूजा अर्चना में शामिल हुए और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पुजारी श्री नित्यानंद पांडेय ने बताया कि- यूँ तो इस मंदिर में हमेशा रूद्राभिषेक होता है किन्तु आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष रूप से रूद्राभिषेक और पूजा अर्चना की गई।

## उग्रवादी संगठन जेजेएमपी ने लोगों से मांगी लेवी

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन को मजबूत करने के नाम पर पवन लकड़ा नायक व्यक्ति द्वारा घाघरा थाना स्थित सभी क्रेशर संचालकों से 3 मई 2025 से लगातार मोबाइल के माध्यम से लेवी की मांग कर रहा है और विभिन्न मोबाइल नंबरों से प्रतिदिन तीन - चार बार विभिन्न मोबाइल से लेवी की मांग कर रहा हैं और अपने द्वारा तय स्थानों पर मिल - बैठकर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन को मजबूत करने और उक्त संगठन के विस्तार और विकास के उद्देश्य से मिल बैठकर बात करने की पेशकश रखी हैं , वह बार-बार अपना नाम पवन लकड़ा बताता है और उसके बोलने चलने ढंग और बात करने की शैली भी एक जैसी हैं , फिलहाल किसी प्रकार की तय राशि की लेवी मांग नहीं की गई हैं, फलस्वरूप घाघरा क्षेत्रों के क्रेशर संचालकों में हड़कंप मच गया हैं, फिर भी अबतक किसी क्रेशर संचालकों ने पुलिस प्रशासन या स्थानीय घाघरा थाना पुलिस या घाघरा थाना प्रभारी को कोई सूचना नहीं दी गई है, पर इस संबंध में पुलिस प्रशासन को जानकारी देने के उद्देश्य से आपस में गोलबंद तो हो रहे हैं, परन्तु प्रश्न यह हैं कि बिल्ली के गर्दन पर घंटी कौन बांधे यह प्रश्न चिन्ह है।

## उत्कल एक्सप्रेस 13 व 16 को नहीं आएगी टाटानगर

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण उत्कल एक्सप्रेस दो दिन टाटानगर नहीं आएगी। ऋषिकेश से 13 व 16 मई और पुरी से 16 मई को टाटानगर नहीं आकर उत्कल एक्सप्रेस बदले मार्ग से अपडाउन करेगी। इससे टाटानगर, चक्रधरपुर व राउरकेला के यात्रियों को दिक्कत होगी। दूसरी ओर, हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस 17 मई को रद्द रहेगी। इधर, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 17 मई व टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 30 मई को रद्द होगी।

## भारत ने अपनी शर्तों पर चुनी शांति: राजकुमार

**जमशेदपुर :** राजकुमार सिंह ने पाकिस्तान को लेकर तीखा बयान देते हुए कहा कि अब वह अपनी असलियत देख चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई ने आतंक के अड्डों को जड़ से उखाड़ फेंका, जिससे पाकिस्तान पूरी तरह से डर और असहायता के दौर में पहुंच गया।राजकुमार सिंह ने दावा किया कि यदि युद्ध जारी रहता, तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाना तय था। उन्होंने कहा, ₹पाकिस्तान ने भारत के सामने गिड़गिड़ाकर युद्धविराम की भीख मांगी, लेकिन भारत ने जो निर्णय लिया, वह सिर्फ दया नहीं बल्कि एक शक्तिशाली राष्ट्र की दूरदर्शिता और आत्मविश्वास का प्रतीक है।₹उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह युद्धविराम भारत की शर्तों पर हुआ है।

सिंधु जल समझौता फिलहाल स्थगित रहेगा और यदि भविष्य में पाकिस्तान की धरती से कोई आतंकी गतिविधि होती है, तो भारत उसे सीधा युद्ध की कार्रवाई मानेगा राजकुमार सिंह ने भारत की सेना की वीरता की सराहना करते हुए कहा, ₹हमारे जवानों ने साहस, रणनीति और बलिदान से यह सिद्ध कर दिया है कि भारत माता की सुरक्षा के लिए वे प्राण भी न्योछावर करने को तैयार हैं। थलसेना, वायुसेना और नौसेना–सभी ने मिलकर यह संदेश दिया है कि भारत अब सहन नहीं करता, जवाब देता है।₹उन्होंने इस रणनीतिक सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और तीनों सेनाओं के प्रमुखों को बधाई दी और कहा कि यह भारत की कूटनीतिक, सामरिक और राष्ट्रीय इच्छाशक्ति की जीत है।

## जेडआरयूसीसी सदस्य ने कतरास में ट्रेनों के ठहराव की रखी मांग

**धनबाद :** पूर्व मध्य रेल के जोनल सलाहकार समिति के सदस्य पिंटू कुमार सिंह ने रविवार को कतरासगढ़ स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने रेल प्रशासन से कतरास स्टेशन पर हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस तथा शताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। यात्रियों ने पिंटू सिंह को बताया कि स्टेशन परिसर में एक भी शौचालय नहीं है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यात्रियों को बताया कि सभी समस्याओं को डीआरएम तथा सीनियर डीसीएम के समक्ष रखेंगे ताकि इनका समाधान किया जा सके।

# घंटों इंतजार,लाइन ब्लॉक,झारखंड में ट्रेनों की लेटलतीफी में सुधार नहीं, यात्री परेशान

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटानगर समेत हावड़ा-मुंबई मार्ग में ट्रेनों की लेटलतीफी कम नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि बंगाल व बिहार से समय से आने वाली ट्रेनें आदित्यपुर-गम्हरिया व गोविंदपुर-आसनबनी में रोकने के कारण 2 से 6 घंटे लेट से टाटानगर पहुंचती हैं। इससे रोज यात्रियों की दूसरे मार्ग की ट्रेन छूट रही हैं। वहीं, यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, जबकि जरूरी काम प्रभावित होता है।

हावड़ा,दिल्ली,रांची,धनबाद और बिहार के बक्सर,छपरा,आरा समेत दक्षिण भारत की एनार्कुलम और विशाखापट्टनम एक्सप्रेस के लेट होने पर यात्री रोज स्टेशन पुस्तिका और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हैं, लेकिन चक्रधरपुर मंडल रेलवे यात्रियों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा। इससे यात्रियों का आक्रोश भड़कने से



हंगामा हो सकता है, क्योंकि एनार्कुलम एक्सप्रेस लेट होने से महीने में 7-8 दिन बिहार के यात्रियों की बक्सर एक्सप्रेस छूट जाती है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को चलाता है, ताकि चक्रधरपुर मंडल का राजस्व बढ़ सके। लोकल ट्रेनों को रोकने से भड़के यात्रियों ने पहले टाटानगर, गोविंदपुर, गम्हरिया समेत कई स्टेशनों पर हंगामा भी किया है। इससे रेलवे में कुछ दिनों तक के आई ट्रेनों को समय से चलने पर ध्यान दिया जात है। बाद में हालात वैसे ही बन जाते हैं। जानकार बताते हैं कि रेलवे के परिचालन सिस्टम को लेकर स्टेशन ड्यूटी कर्मचारी भी परेशान हैं, क्योंकि यात्री कार्यालय में आकर उन्हें भला बुरा बोलते हैं।

सीनियर डीसीएम,चक्रधरपुर रेल मंडल आदित्य चौधरी ने कहा कि लाइन की मरम्मत एवं सुरक्षित परिचालन योजना के कई कार्यों के कारण अभी ट्रेनें लेट चल रही हैं, लेकिन जल्द ही ट्रेनों के परिचालन स्थिति में सुधार होगा। इससे यात्रियों को शिकायत का अवसर नहीं मिलेगा।

# तोपचांची में मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 40 घायल, 12 गंभीर

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोमो :** तोपचांची थाना क्षेत्र के लेदाटांड़ के पास जीटी रोड पर रविवार की दोपहर मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलट गई। हादसे में 40 मजदूर घायल हुए हैं। सभी गिरिडीह जिले के धावाटांड़ समेत अन्य गांवों के थे। घटना के बाद सभी को तोपचांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से गंभीर रूप से घायल 21 मजदूरों को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचे घायलों का इमरजेंसी में इलाज के बाद 11 को भर्ती कर लिया गया है। ज्यादा गंभीर एक मजदूर को रिम्स रांची रेफर किया गया है। वहीं 9 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। इन्हें हल्की चोट थी। सभी गिरिडीह जिले के धावाटांड़, पीरटांड़, डुमरी आदि के हैं। घायलों ने बताया कि सभी पिकअप वैन से कतरास स्थित भाटडीह में अवैध कोयला खनन के लिए जा रहे थे। जीटी रोड पर वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन के पलटते ही उसमें सवार मजदूरों में चीख पुकार मच गई। सभी मजदूर घायल हो गए थे। सड़क पर सभी दर्द से तड़पने लगे। घटना के बाद वैन चालक और खलासी घायलों को छोड़ वहां से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तोपचांची (साहूबहियार) सीएचसी पहुंचाया। अचानक बड़ी संख्या में पहुंचे घायलों से सीएचसी की व्यवस्था चरमरा गई। आनन-फानन में किसी तरह प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल 21 मजदूरों को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी में सभी घायलों का इलाज किया गया। अवैध खदान कोयला ढुलाई करने जा रहे थे मजदूरों के अनुसार सभी कोयले के अवैध खदान में खुदाई करने जा रहे थे। पहले भी वे लोग अलग-अलग खदानों में काम करने जाते रहे हैं। ठेकेदार उन सबको बुलाता है। ठेकेदार ही गाड़ी भेजता है। इमरजेंसी में अफरातफरी, अधीक्षक ने स्वयं मोर्चा संभाला धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल की इमरजेंसी में एक साथ 21 घायलों के आ जाने वहां अफरातफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही अधीक्षक डॉ डीके गिंदोरिया स्वयं दर्जन भर डॉक्टरों के साथ इमरजेंसी पहुंचे और मोर्चा संभाल लिया। जो मरीज जहां था, वहीं उसका इलाज किया जाने लगा। एक घंटे के अंदर सभी का प्राथमिक उपचार कर लिया गया। 12 को भर्ती कर लिया गया और 9 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। 108 एंबुलेंस में भरकर लाए गए घायल तोपचांची की 10 किलोमीटर की परिधि में उस समय मौजूद 108 एंबुलेंस सेवा की सभी सात गाड़ियों को सीएचसी बुलाया गया। एक-एक एंबुलेंस पर दो-दो, तीन-तीन मरीजों को लाद कर धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। ये हुए हैं घायल हीरालाल हेंब्रम (42 वर्ष), सोमरा हेंब्रम (35 वर्ष), लक्खी देवी (30 वर्ष), महावीर साह (35 वर्ष), पवन महतो (25 वर्ष), गोकिल महतो (25 वर्ष), रीतलाल मरांडी (22 वर्ष), मालती देवी (35 वर्ष), कतिया मांझी (40 वर्ष), दुर्गा हेंब्रम (42 वर्ष), चिरका मांझी (52 वर्ष), अनिल मुर्मू, मंझली देवी, पंकज मुर्मू, दासों, चडए मरांडी, दिनेश हेंब्रम, रीतलाल मुर्मू, चांदमुनी देवी, बिरजू मुर्मू, विजू मरांडी, देवती देवी, एतवारी मुरी, सोनाधी सोरेन आदि।

## कबीर मेमोरियल में मनाया गया मातृ दिवस

**जमशेदपुर :** कबीर मेमोरियल उर्दू उच्च विद्यालय जाकिरनगर, मानगो में मातृ दिवस उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने माताओं की भूमिका, त्याग और उनके मूल्यों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने माताओं के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों पसारूल इस्लाम एवं शाइस्ता यास्मीन ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मतीनुल हक अंसारी एवं सलाहकार रिजवान अहमद ने माताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है और उनका योगदान अविस्मरणीय होता है।

विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से उन छात्र-छात्राओं की माताओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिनका शैक्षणिक रेकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है।

# शहीदों के लिए कांग्रेस नेता सुभाष उपाध्याय ने रखा उपवास

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत पाकिस्तान युद्ध में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों, अधिकारियों एवं आम मृतात्मा की शांति के लिए आज कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष उपाध्याय ने उपवास रखा।उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हम सभी के लिए देश है। पाकिस्तान ने भारत को युद्ध के लिए उकसाया तो भारत ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। युद्ध में पाकिस्तान का हर हमले को विफल करने में सेना के जवान और सीमावर्ती क्षेत्र के आम नागरिक भी शहीद हुए हैं। हम एक दिन का उपवास रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उपाध्याय ने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में नरसंहार कर मानवता को शर्मशार किया है।

इसलिए अब आतंकियों को



पनाह देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है। हमें भारतीय सेना पर गर्व है और अटूट भरोसा है। उपवास में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष सिंह, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, पूर्व उपाध्यक्ष देवशरण सिंह, सेवा दल के जिलाध्यक्ष अरविंद साहु, गोविंदपुर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष नरेश गौरा, कांग्रेस नेता चंदन पाण्डेय, संदीप झा, अविनाश सिंह, संजीव नारायण, सेवा दल के टेल्को प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, परसूडीह प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार, नागेन्द्र तिवारी, युवा कांग्रेस के विजय कुमार, प्रशांत चौधरी, बालाजी भगत, संजय उपाध्याय समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नरसिंह चतुर्दशी पर कीर्तन कवच व मंत्रोच्चार से गूंजा जगजीवन नगर

**धनबाद :** जगजीवन नगर स्थित इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में रविवार को नरसिंह चतुर्दशी महामहोत्सव का आयोजन हुआ। इस मौक पर सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित हुए। उत्सव की शुरूआत मधुर कीर्तन से हुई। इस मौके पर भक्त शिरोमणि प्रह्लाद व भक्तवत्सल नरसिंह देव भगवान की दिव्य लीलाओं का सभी भक्तों ने श्रवण किया। आए हुए श्रद्धालुओं ने समस्त जीवों के कल्याण के लिए नरसिंह कवच स्तोत्र का सस्वर पाठ किया। सभी भक्तों ने मिलकर श्री नरसिंह मंत्र की 108 बार पाठ किया। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष दामोदर गोविंद प्रभु ने प्रह्लाद व नरसिंह की कथा कही। उन्होंने बताया कि यदि हमें अपने भीतर बैठे हिरण्यकशिपु का वध करना है तो हरे कृष्ण महामंत्र के नियमित जप के माध्यम से ही यह कलियुग में संभव है। उन्होंने प्रह्लाद महाराज की अनन्य भक्ति को प्रकाशित करते हुए सारे श्रद्धालुओं को नरसिंह कथा से तृप्त किया। कथा के बाद नरसिंह भगवान की महाआरती हुई। इसके बाद भगवान को 56 भोग चढ़ाया गया। भगवान श्री नरसिंह देव का विविध प्रकार के सुगंधित पुष्पों से अभिषेक किया गया।

## बीएड-बीपीएड प्रवेश परीक्षा में 20 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित

**धनबाद :** बीएड-बीपीएड और एमएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन धनबाद के 22 केंद्रों में किया गया। 7677 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। लगभग 20 प्रतिशत छात्र-छात्राएं इसमें अनुपस्थित रहे। रविवार को सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी भीड़ जुटी हुई थी। गहन जांच के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा के लिए 9411 परीक्षार्थियों के लिए 22 केंद्र बनाए गए थे। इसमें 1778 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इधर धनबाद के दो मॉडल स्कूल में आठवीं में एडमिशन के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। गोविंदपुर प्लस टू स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 248 छात्र-छात्राओं में से 164 उपस्थित और 64 अनुपस्थित रहे।

## दहेज प्रताड़ना में फरार पति के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**धनबाद :** दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस की नजर में फरार चल रहे पति आशीष सोनकर के धनसार थाना क्षेत्र के दुहाटांड़ स्थित घर में पुलिस ने रविवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने फरार आशीष सोनकर के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की का इश्तेहार लिया था। आरोपी आशीष सोनकर के अलावा सूरज सोनकर, किशुन सोनकर, कमला देवी और शीतल कुमारी के खिलाफ भी वर्ष 2021 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आरोपियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर घायल करने सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। आशीष को छोड़ अन्य आरोपियों ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली है। इश्तेहार की कार्रवाई में आईओ सब इंस्पेक्टर शैलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**जमशेदपुर :** जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी निवासी महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और तलाक की धमकी देने का मामला थाने तक पहुंचा है। इससे तहसीन परवीन ने मानगो आजाद नगर स्थित मदीना अपार्टमेंट निवासी पति नवाज शरीफ और सास ननद के खिलाफ प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। महिला के अनुसार जून 2021 से उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। परिजनों के समझाने पर भी ससुराल वालों की हरकत में सुधार नहीं हुआ।

## टीबी मरीजों में 15 को बंटेगा पोषण किट

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 15 मई को गुरुवार को मरीजों के बीच पोषण सामग्री (एक महीने का राशन एवं विटामिन किट) वितरण होगा ताकि वे स्वस्थ हो सके। रेड क्रॉस सोसाईटी के सचिव बिजय कुमार सिंह ने बताया कि, निक्षय मित्र के रूप में समाजसेवी जरूरतमंद टीबी मरीजों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिला टीबी नियंत्रण केन्द्र के प्रभारी मरीजों के चयन में मदद करते हैं।

## होटल के कमरे में युवती ने की खुदखुशी, आपत्तिजनक सामान बरामद

**जमशेदपुर :** साकची थाना क्षेत्र के आम बागान स्थित होटल अल डोराडो के कमरा नंबर 506 में एक युवती का शव पंखे से झूलता मिला.

सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी और साकची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लिया. पुलिस ने दो युवक, एक युवती के अलावा होटल के मालिक और मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. सिटी डीएसपी ने बताया कि होटल के कमरे से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं. जिस कमरे में युवती का शव मिला है, उस कमरे में एक और लड़की थी. वहीं कमरा नंबर 504 में भी दो युवक भी थे. सभी वहीं के रहने वाले हैं और साथ में होटल आये थे. कहा जा रहा है कि सभी पार्टी करने के लिए होटल आये थे. इससे यह पता चलता है कि होटल में बगैर पुख्ता जांच के किसी को भी कमरा उपलब्ध करा दिया जाता है. फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. इधर कमरा नंबर 506 में मौजूद दूसरी युवती ने बताया कि मृतका का नाम रुखसाना है. उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी. उसने ही उसे यहां बुलाया था. कल रात जब वह यहां पहुंची तो रुखसाना काफी नशे में थी. उसके बाद वह कमरा नंबर 504 में चली गयी. सुबह देखा तो उसका शव फंदे से लटकता मिला.

# आईईडी ब्लास्ट में जवान घायल, लाया गया रांची

मेट्रो रेज संवाददाता

**चाईबासा :** आईईडी ब्लास्ट में एक जवान घायल हो गया है। झारखंड जगुआर 101 बटालियन के जवान मनोज कुमार दमाई को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

यह घटना सोमवार को जिले के छोटा नगड़ा थाना क्षेत्र के जंगल में हुई है। फिलहाल घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर है।

जानकारी के अनुसार, इनामी माओवादी अनल के दस्ते की तलाश में झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन सर्च अभियान पर निकली थी।

इसी दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाये गये आईईडी पर मनोज कुमार दमाई का पैर आ गया। जिससे आईईडी विस्फोट हुआ और जवान घायल हो गया।

बताया जाता है कि इस दौरान सुरक्षा बलों एंव नक्सलियों के बीच फायरिंग भी हुई है। घटना के बाद सर्च ऑपरेशन में शामिल जवानों ने



अभियान को तेज कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि बीते 12 अप्रैल को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद हुए आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हुए जवान सुनील धान की मौत हो गयी थी। यह घटना जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान हुई थी।

बता दें कि सारंडा जंगली क्षेत्र में काफी संख्या में नक्सली कमांडर अपने दस्ते के साथ सक्रिय हैं। उन्होंने जगह-जगह आईईडी बिछा रखा है, जिस पर पैर पड़ते ही या हल्का प्रेशर बनते ही विस्फोट हो जाता है। इन विस्फोटों में अब तक कई जवानों की जान जा चुकी है।

वहीं दूसरी ओर सुरक्षाबल लगातार इस क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। लगभग हर दिन आईईडी बरामद किए जा रहे हैं। साथ ही कई नक्सल डंप को भी ध्वस्त किया जा रहा है।

सारंडा जंगल नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां नक्सली गतिविधियां होती रहती हैं। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा व कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील हैं। इसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।